आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 12 अप्रैल 2025 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-014 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 13 अप्रैल 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

गायों को देखकर सीएम ने अपना काफिला रुकवाया

नई दिल्ली,12 अप्रैल। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सड़क पर आवारा गायों को देखकर अपने काफिले को रुकवाया। इस बार उन्होंने गायों को रोटी खिलाते कार चालक से हाथ जोड़कर खास अपील की। शनिवार को सीएम रेखा गुप्ता का काफिला दिल्ली की एक व्यस्त सड़क से गुजर रहा था। सड़क पर गायों को देखकर उन्होंने तुरंत अपने काफिले को रुकवाया और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उनकी नजर एक कार चालक पर पड़ी, जो सड़क के बीच में गायों को रोटी खिला रहा था। सीएम ने कार चालक से नम्रता से अनुरोध किया कि वह ऐसा न करें, क्योंकि इससे यातायात में बाधा उत्पन्न होती है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। उन्होंने कहा, गायों की सेवा करना पुण्य का काम है, लेकिन सड़क पर खाना देने से जानवरों और लोगों दोनों के लिए खतरा पैदा होता है। कृपया इसे उचित स्थान पर करें। हमारी संस्कृति में गायों का विशेष स्थान है, लेकिन हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि सड़कें सुरक्षित रहें। मैं सभी नागरिकों से अनुरोध करती हूं कि गायों को सड़क पर खाना देने के बजाय गौशालाओं या निर्धारित स्थानों पर उनकी देखभाल करें।

नागपुर में एल्युमीनियम फैक्ट्री में ब्लास्ट के बाद आग, 5 की मौत

नागपुर,12 अप्रैल। नागपुर के उमरेड स्थित एल्युमिनियम फॉयल बनाने वाली फैक्ट्री में अचानक हुए ब्लास्ट के बाद भीषण आग लग गई, जिसमें 5 लोग घायल हो गए थे, जिन्हें नागपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इनमें से 2 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. नागपुर के ग्रामीण एसपी हर्ष पोद्दार ने दी इस घटना में 5 लोगों के मौत होने की पुष्ट की है. बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में एल्युमीनियम पाउडर की वजह से आग और ज्यादा भड़क गई थी. इस घटना को लेकर एसपी हर्ष पोद्दार ने बताया कि ये ब्लास्ट फैक्ट्री की पॉलिश ट्यूबिंग यूनिट में हुआ था. इसके बाद आग भड़क गई, जिस पर काबू पाने के लिए तुरंत दमकल विभाग को जानकारी दी गई. दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. विस्फोट इतना जोरदार था कि धुंआ बहुत दूर से नजर आ रहा था. हादसे के वक्त करीब 87 लोग फैक्ट्री के अंदर मौजूद थे. इनमें से कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था. हालांकि दो घायलों की जान नहीं बचाई जा सकी इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. वहीं इस घटना की जानकारी मिलने के बाद MLA संजय मेश्राम भी मौके पर पहुंच गए. उनके साथ पूर्व विधायक राजू परवे भी हालात का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे.

वक्फ कानून के खिलाफ मुर्शिदाबाद में फिर भड़की हिंसा

कोलकाता,12 अप्रैल। मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज इलाके में वक्फ कानून को लेकर हुई हिंसा में एक 21 वर्षीय युवक और एक 12 साल का बच्चा गोली लगने से घायल हो गए. घायलों को आनन-फानन में जंगीपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. फिलहाल मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई. हिंसा पर काबू पाने बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है. पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ कानून के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों के दौरान रेलवे स्टेशनों पर हुई तोड़फोड़ को लेकर नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने गंभीर चिंता जताई है. बीजेपी ने सुवेंदु अधिकारी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि रेलवे स्टेशनों को नुकसान पहुंचाना सिर्फ ट्रेनों की सेवाएं रोकने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जन सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा है. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने इन घटनाओं की राष्ट्रीय जांच एजेंसी से जांच कराने की मांग करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है. बीजेपी नेता ने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया है कि मुर्शिदाबाद जिले के प्रभावित रेलवे स्टेशनों पर हुई तोड़फोड़ की घटनाओं को गंभीरता से लिया जाए और NIA को जांच सौंपी जाए.

सुरक्षा बलों ने जंगल में नक्सलियों को घेरा,3 ढेर

सर्च ऑपरेशन में जवानों ने ढूंढकर मारा,शव व हथियार बरामद

बीजापुर,12 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा-बीजापुर जिले की सीमा पर पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। अति नक्सल प्रभावित भैरमगढ़ इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच सुबह 9 बजे से दोनों तरफ से रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। सुरक्षा बल के जवानों द्वारा 3 वर्दीधारी नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। तीनों के शव, हथियार और विस्फोटक सामान बरामद किया गया है। मुठभेड़ में माओवादियों को भारी नुकसान की संभावना जताई जा रही है। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने बताया कि दंतेवाड़ा से लगे बीजापुर जिले के इन्द्रावती क्षेत्र के जंगल में माओवादियों के उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, एसटीएफ, कोबरा 210, 202 की संयुक्त टीम एंटी नक्सल ऑपरेशन के लिए गए थे। जवानों को देखकर नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई में अब तक 3 वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ स्थल के आसपास आधुनिक हथियार, विस्फोटक पदार्थ बरामद किए गए हैं। मृत नक्सलियों की पहचान की जा रही है। सर्चिंग अभी जारी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक 1000 से ज्यादा जवानों की सयुंक्त टीम ने भैरमगढ़ इलाके में नक्सलियों को घेर रखा है। 3 नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए गए हैं। सर्चिंग ऑपरेशन अभी जारी है। दोनों ओर से फायरिंग भी हो रही है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि बड़े कैडर के नक्सली मौजूद हैं और फोर्स को बड़ी सफलता मिलने की चर्चा है। दंतेवाड़ा एसपी गौरव ने बताया कि मुठभेड़ में माओवादियों को भारी नुकसान की संभावना है। सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। ऑपरेशन पूरा होने के बाद पूरी जानकारी दी जाएगी।

बता दें कि मार्च-2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने टार्गेट तय किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के इस आदेश के बाद बस्तर संभाग में नक्सल ऑपरेशन में तेजी आई है। बीजापुर-दंतेवाड़ा-सकुमा जिले के संवेदनशील इलाकों में फोर्स के कैंप खोले गए हैं, जिससे नक्सलियों में बौखलाहट है। फोर्स के मुवमेंट से नक्सलियों में दहशत है। एनकाउंट में मारे जाने के डर से माओवादी संगठन से जुड़े लोग लगातार सरेंडर कर रहे हैं। वहीं नक्सलियों ने शांति वार्ता के लिए पत्र भी जारी किया है। नक्सलियों के पत्र के जवाब में सरकार ने हिंसा छोड़ने पर ही बातचीत की बात कही है।

दो इनामी नक्सलियों समेत 5 ने किया आत्मसमर्पण

कोंडागांव,12 अप्रैल। पुलिस, आईटीबीपी, बीएसएफ और एसटीएफ की संयुक्त नक्सल विरोधी अभियान के चलते जनताना सरकार और डीकेएमएस अध्यक्ष सहित 5 नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण किया। पुलिस, आईटीबीपी, बीएसएफ और एसटीएफ की संयुक्त नक्सल विरोधी अभियान के चलते जनताना सरकार और डीकेएमएस अध्यक्ष सहित 5 नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण किया। कुकर बम के साथ किया आत्मसमर्पण आत्मसमर्पण करने वालों में एक लाख और दो लाख के इनामी नक्सली भी शामिल हैं।

आज हनुमान जयंती पर प्रयागराज में गंगा किनारे लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन कीजिए। (तस्वीर वरिष्ठ पत्रकार शंकर पांडे के सौजन्य से)

महिला नगर सैनिक की हत्या

वारदात को अंजाम देकर थाना पहुंचा आरोपी पति, दस साल पहले हुआ था लव मैरिज

गरियाबंद,12 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां चरित्र शंका के चलते एक पति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और इसके बाद खुद थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। यह घटना पाण्डुका थाना क्षेत्र के राचर डेरा जंगल में हुई। मृतका की पहचान ओमिका ध्रुव के रूप में हुई है, जो गरियाबंद में नगर सैनिक के पद पर कार्यरत थी। आरोपी पति सोहन साहू है, जिसके साथ ओमिका की 10 साल पहले प्रेम विवाह हुआ था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोहन साहू अपनी पत्नी ओमिका ध्रुव को गरियाबंद ड्यूटी स्थल पर छोड़ने के लिए बाइक से निकला था। इसी दौरान रास्ते में राचर डेरा जंगल के सुनसान इलाके में दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि सोहन को अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका थी, जिसके चलते उसने गुस्से में आकर नगर सैनिक ओमिका की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद सोहन ने सीधे पाण्डुका थाने पहुंचकर अपना जुर्म कबूल कर लिया और आत्मसमर्पण कर दिया। पाण्डुका थाना प्रभारी जय प्रकाश नेताम ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम फॉरेंसिक विशेषज्ञों के साथ मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, और मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण चरित्र शंका सामने आया है, लेकिन पुलिस अन्य पहलुओं की भी पड़ताल कर रही है। मृतिका ओमिका ध्रुव गरियाबंद में नगर सैनिक के रूप में कार्यरत थी और अपने कर्तव्यों को निष्ठापूर्वक निभाने के लिए जानी जाती थी। ओमिका और सोहन साहू ने लगभग 10 साल पहले प्रेम विवाह किया था। दंपति के दो बच्चे भी हैं, जो इस घटना के बाद अनाथ हो गए हैं। परिवार और आसपास के लोग इस घटना से स्तब्ध हैं और इसे एक दुखद पारिवारिक त्रासदी मान रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पाण्डुका पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल को सील कर दिया।

एम्बुलेंस सुविधा नहीं मिलने पर हाईकोर्ट सख्त

बिलासपुर,12 अप्रैल। हाईकोर्ट ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन में एम्बुलेंस की सुविधा नहीं मिलने पर स्वास्थ्य विभाग और रेलवे की लापरवाही पर सख्त नाराजगी जताई है. कोर्ट ने कहा है कि राज्य सरकार की मुफ्त की योजनाएं हैं, फिर भी लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही है. हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव और बिलासपुर रेलवे के डीआरएम के जवाब मांगा है. कोर्ट ने पूछा है कि व्यवस्था सुधार के लिए क्या किया जा रहा है इसकी पूरी जानकारी कोर्ट में पेश करें. साथ ही यह बताने कहा है कि इमरजेंसी में एम्बुलेंस सुविधा आखिर उपलब्ध क्यों नहीं हो पाती. मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार कैंसर पेसेंट को एंबुलेंस नहीं दिला पा रही है. रेलवे में भी अस्पताल है. इसके बाद भी महिला को एंबुलेंस नहीं मिली. राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि राज्य सरकार लोगों को फ्री एंबुलेंस सेवा उपलब्ध करा रही है, जिस पर कोर्ट ने कहा कि डिवीजन बेंच ने कहा कि यह तो

स्वास्थ्य विभाग और रेलवे से मांगा जवाब

स्वास्थ्य विभाग की गंभीर लापरवाही है. मरीज को एंबुलेंस नहीं मिला तो उसकी जान ही चली गई. हाईकोर्ट ने रेलवे और स्वास्थ्य विभाग से जवाब मांगा है. बता दें कि दंतेवाड़ा में एम्बुलेंस नहीं मिलने से मरीज की मौत और बिलासपुर रेलवे स्टेशन में कैंसर पीड़ित महिला का शव ले जाने एंबुलेंस सुविधा नहीं मिलने को लेकर हाईकोर्ट ने सुनवाई शुरू की है. याचिका के मुताबिक रायपुर से बिलासपुर आकर यहां से बुढ़ार जाने के लिए ट्रेन में सफर कर रही एक कैंसर पीड़ित महिला रानी बाई की मौत हो गई. ट्रेन के बिलासपुर पहुंचने पर शव को उतारकर कुली की मदद से उन्हें स्ट्रेचर से गेट नंबर एक के बाहर तक लाया. वहां पर एंबुलेंस का ड्राइवर गायब था.थोड़ी देर बाद वह आया, लेकिन बॉडी ले जाने से मना कर दिया. महिला के परिजनों के परिचितों के जरिए दूसरे एंबुलेंस का इंतजाम किया और वहां से एक घंटे बाद रवाना हो गए. उन्हें बिलासपुर से शाम वाली ट्रेन पकड़कर बुढ़ार जाना था. वहीं, दंतेवाड़ा जिले के गीदम में 11 घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंचने के कारण इलाज में देरी हुई, जिससे मरीज की मौत हो गई. इस दौरान परिजन बार-बार 108 को कॉल करते रहे. लेकिन, सुबह के बजाए एंबुलेंस रात में आई. इसके चलते मरीज की जान चली गई. इससे नाराज परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया. हाईकोर्ट ने मीडिया रिपोर्ट पर जनहित याचिका मानकर सुनवाई शुरू की है.

सुशासन तिहार:युवक ने आवेदन में लिखा - ससुराल दूर है, बाइक दिला दीजिए

सरगुजा,12 अप्रैल। छत्तीसगढ़ में साय सरकार सुशासन तिहार मना रही. इस दौरान गांवों व शहरों में लोग अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन कर रहे हैं. सरगुजा जिले के मैनपाट में एक युवक ने शिविर में बाइक दिलाने के लिए आवेदन दिया है. उन्होंने आवेदन में लिखा है कि उसकी ससुराल और हॉट बाजार दूर है. उसे ससुराल और हाट बाजार जाने के लिए बाइक दिलाई जाए. यह आवेदन सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. सुशासन तिहार के पहले चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक गांवों व शहरों में शिविर लगाकर आवेदन लिए जा रहे हैं. सुशासन तिहार में मैनपाट ब्लॉक के कदनई पंचायत के युवक अजेश कुमार ठाकुर ने आवेदन देकर अपने लिए बाइक मांगी है, ताकि वह ससुराल और हॉट बाजार जा सके. आवेदन में संबंधित विभाग का नाम छत्तीसगढ़ शासन ऑटो एजेंसी लिखा गया है. यह आवेदन 10 अप्रैल को कदनई पंचायत के शिविर में जमा किया गया है. आवेदक अगेश कुमार ठाकुर ने बताया कि उसकी शादी नवानगर दरिमा के पास गांव में हुई है. बाजार भी दूर है, जहां जाने में दिक्कत होती है, इसलिए बाइक की मांग शासन से की है. अगेश कुमार ठाकुर ने पांचवीं तक पढ़ाई की है और वह खेती का काम करता है. उसने यह आवेदन एक परिचित युवक से लिखवाया है. मैनपाट जनपद सीईओ कुबेर सिंह ने कहा कि ऐसा आवेदन मिला है. आवेदन को निराकरण के लिए भेजा जाएगा. हालांकि ऐसा कोई प्रावधान किसी योजना में नहीं है.

मुंबई आतंकी हमले का दुबई कनेक्शन

मुंबई ,12 अप्रैल। आतंकी हमले को 17 साल बीत जाने के बाद मुख्य आरोपियों में से एक तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाया जा सका है। एनआईए को तहव्वुर राणा की 18 दिन की हिरासत मिली है। एनआईए राणा से पूछताछ कर रही है। रिपोर्ट्स की मानें तो तहव्वुर राणा मुंबई में हमले से पहले दुबई में एक शख्स से मिला था। उनसे मुंबई में आतंकी हमले के प्लान को लेकर उसे सब कुछ बताया था। एनआईए का मानना है कि तहव्वुर राणा से पूछताछ के बाद मुंबई आतंकी हमले के दुबई कनेक्शन के बारे में भी पता चल जाएगा। मुंबई हमले से पहले रेकी करने वाले साजिशकर्ता डेविड कोलमैन हेडली की मदद करने वाला तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई कारोबारी है। अब यह पता लगाना है कि तहव्वुर राणा ने दुबई में किससे मुलाकात की थी। अमेरीकी एजेंसियों की तरफ से उपलब्ध करवाए गए दस्तावेजों के मुताबिक दुबई के शख्स को हमले के बारे में पूरी जानकारी थी। वह यह भी जानता है कि किसे किस काम में लगाया गया है।

एनआईए के सूत्रों की मानें तो हेडली यानी दाऊद गिलानी ने तहव्वुर राणा को 2008 में चेतावनी दी थी कि वह भारत की यात्रा ना करे। इसके बाद हेडली ने ही तहव्वुर राणा से दुबाई में एक शख्स से मुलाकात करवाई थी जिसे हमले के बारे में पूरी जानकारी थी। एनआईए यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या वह शख्स इंटर सर्विस इंटेलिजेंस, पाकिस्तानी सेना की खुफइया एजेंसी से भी जुड़ा हुआ था। एनआईए ने इस शख्स की पहचान को गुप्त रखा है। राणा ने अमेरिका में भी पूछताछ के दौरान उस शख्स के बारे में बताया था। अब अमेरिका की वे सारी रिपोर्ट भारत के पास हैं। इसके अलावा राणा के नाम पर मुंबई में एक ऑफिस था जिसकी लीज को 2008 के बाद रिन्यू नहीं करवाया गया। जानकारी के मुताबिक हेडली इस ऑफिस का इस्तेमाल मुंबई में रेकी करने के लिए करता था। लश्कर ने हेडली को भारत भेजने का प्लान 2005 में ही बनाया था। इसकी जानकारी उसने तहव्वुर राणा को दी थी। हेडली ने राणा के बिजनेस का सहारा लेकर साजिश को अंजाम देने का प्लान बना लिया था। हेडली अमेरिका के पासपोर्ट से भारत आया। वह एलीट बनकर संवेदनशील जगहों की भी वीडियो बनाकर पाकिस्तान में बैठे आतंकियों को भेजता था। 13 से 21 नवंबर के बीच तहव्वुर राणा की शहरों को कहा था। उसके साथ उसकी पत्नी मरराज राणा अख्तर भी थी।

जैश कमांडर सैफुल्लाह समेत 3 इनामी आतंकी ढेर

श्रीनगर,12 अप्रैल। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छात्रू क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने बड़ी कामयाबी हासिल की है. एक सर्च एंड डिस्ट्रॉय अभियान के दौरान, उन्होंने तीन आतंकियों को मार गिराया है, जिन पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम था. यह अभियान 9 अप्रैल से चल रहा था, जिसमें शुक्रवार को पहले एक आतंकी को ढेर किया गया था, और अब दो और आतंकियों को समाप्त किया गया है. सूत्रों के अनुसार, मारे गए आतंकियों में जैश-ए-मोहम्मद का प्रमुख कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल है. वर्तमान में, पूरे क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है और सुरक्षाबल सतर्कता बरत रहे हैं ताकि कोई अन्य आतंकी छिपा न रह सके. सेना ने 9 अप्रैल से किश्तवाड़ के छात्रू जंगल में सर्च अभियान शुरू किया था. गुरुवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया और सर्च ऑपरेशन जारी रखा. अन्य आतंकियों की खोज में सेना, पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों के साथ पैरा कमांडो भी शामिल हैं. आतंकियों का खात्मा करने के लिए रामनगर थाना के प्रभारी पूर्व सिंह भी पुलिस बल के साथ सक्रिय हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक मुठभेड़ वाली जगहों से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुआ है. उधमपुर और किश्तवाड़ जिलों में आतंकियों के खिलाफ सुरक्षाबलों ने बड़ा अभियान चलाया है. खुफिया जानकारी से पता चला है कि सीमा पार से आए आतंकवादी इन इलाकों में छिपे हुए हैं. सुरक्षाबलों को पता चला कि उधमपुर के बसंतगढ़ तीन आतंकवादी एक ग्रामीण के घर में घुस गए

और जबरन उसके घर से खाने का सामान, मोबाइल फैन, बैग, जूते और छाता लेकर भाग गए. वहीं 3 अप्रैल को भी मजालता ब्लॉक में आतंकवादियों ने एक परिवार को बंधक बना लि और फिर उनका मोबाइल फोन लेकर भाग गए. रिपोर्टों के अनुसार, मुठभेड़ स्थलों से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं. उधमपुर और किश्तवाड़ जिलों में आतंकवादियों के खिलाफ सुरक्षाबलों ने एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया है. खुफिया सूचनाओं से यह स्पष्ट हुआ है कि सीमा पार से आए आतंकवादी इन क्षेत्रों में छिपे हुए हैं. सुरक्षाबलों को जानकारी मिली कि उधमपुर के बसंतगढ़ में तीन आतंकवादी एक ग्रामीण के घर में घुसकर जबरन खाने का सामान, मोबाइल फैन, बैग, जूते और छाता चुरा ले गए. इसके अलावा, 3 अप्रैल को मजालता ब्लॉक में आतंकवादियों ने एक परिवार को बंधक बना लिया और उनके मोबाइल फोन भी चुरा लिए.

23 मार्च को आतंकवादी हीरानगर के सानियाल क्षेत्र में पहली बार देखे गए, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने उस क्षेत्र की तलाशी अभियान शुरू किया. 27 मार्च को सूफैन के जंगलों में हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए, जबकि चार पुलिसकर्मी शहीद हो गए. इसी दौरान, आतंकवादियों की घुसपैठ को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तानी सेना ने अखनूर में सीजफायर का उल्लंघन किया, लेकिन हमारे जवानों ने इस प्रयास को विफल कर दिया. इस गोलीबारी में एक जेसीओ गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें हेलिकॉप्टर के माध्यम से अस्पताल भेजा गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी.

गर्लफ्रेंड को सूटकेस में छिपाकर हॉस्टल ले जा रहा था युवक

सोनीपत,12 अप्रैल। दिल्ली से सटे हरियाणा के शहर सोनीपत से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो के साथ दावा किया जा रहा है कि एक कॉलेज हॉस्टल में स्टूडेंट अपनी गर्लफ्रेंड को सूटकेस में बंद करके ले जाते हुए पकड़ा गया। लड़की के मुंह से एक बार चीख निकल पड़ी जिसे गार्ड्स ने सुन लिया और प्लान फेल हो गया।

वायरल हुए वीडियो में दिख रहा है कि कुछ गार्ड्स मिलकर सूटकेस को खोल रहे हैं। वहां खड़े कुछ अन्य स्टूडेंट सबकुछ वीडियो में रिकॉर्ड करते रहे। यह देखकर सभी हैरान रह गए कि भीतर से एक लड़की निकली। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि घटना सोनीपत की एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी की है। यह साफ नहीं है कि सूटकेस से निकली लड़की उसी यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट थी या बाहर की। बताया जा रहा है कि लड़की तब पकड़ी गई जब एक जगह झटका लगने पर लड़की के मुंह से चीख निकल पड़ी। सूटकेस में लड़की की आवाज सुनकर गार्ड्स ने रोक लिया और खोलकर दिखाने को कहा। यूनिवर्सिटी की तरफ से इस वीडियो को लेकर अभी किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। हालांकि, वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर मीम्स की बहार आ गई है।

गर्लफ्रेंड से मिलने गए युवक को बीच चौराहे नग्न कर पीटा

सक्ती,12 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में एक मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक को नग्न कर बीच चौराहे पर बर्बरता पूर्वक पीटा गया. इस मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा है. वहीं पीड़ित युवक दलित होने के कारण पीटने की बात कह रहा है. फिलहाल पूरे मामले में पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है. अभी तक 6 लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है. पूरा मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र का है. इस पूरे मामले में पुलिस जल्द ही खुलासा करने की बात भी कर रही है. खुलासे के बाद पूरा मामला स्पष्ट होगा कि आखिर इतने बर्बरता के साथ क्यों पिटाई की गई है. फिलहाल अभी तक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार ग्राम बड़े रबेली में 8 अप्रैल की रात युवक गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचा था, जिसे घर के लोगों ने देख लिया और मारपीट की. इसका वीडियो भी सामने आया है. बहरहाल इस मामले में मालखरौदा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है.

पत्नी ने पति को खिलाई नींद की गोली फिर हाथ-पैर बांधे और दी दर्दनाक मौत

सरगुजा,12 अप्रैल। मेरठ में पति की ड्रम के अंदर हत्या के बाद टुकड़े-टुकड़े की घटना को अभी 1 महीने भी नहीं हुए थे कि अब छत्तीसगढ़ से पति की दर्दनाक हत्या का मामला सामने आया है. यहां पत्नी ने अपने पति को पहले नींद की गोलियां खिलाई, फिर खाट में उसके हाथ पैर बांधे और फिर अपनी 5 साल की बेटी के सामने ही अपने पति को ऐसी दर्दनाक मौत दी, जिसे सुनकर किसी की भी रुह कांप जाएगी. छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में बीती रात एक महिला ने अपनी मासूम बेटी के सामने ही पति की बेरहमी से हत्या कर दी. इस पूरी घटना का खुलासा 5 साल की मासूम बेटी ने किया जिसने अपने

पिता को खो दिया. पुलिस के मुताबिक मृतक मोहम्मद उम्मत (32 वर्ष), पिता- बदरुद्दीन, लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बकनाकला का निवासी था. बीती रात उसकी पत्नी मेहरून निशा ने अपनी 5 वर्षीय मासूम बेटी के सामने उसके खाने में नींद की दवाई मिला दी. उम्मत के नींद में जाते ही पत्नी ने उसके हाथ-पैर बांध दिए फिर सिर को पॉलिथीन में डालकर दुपट्टे से गला घोटकर उसकी बेरहमी से जान ले ली. आरोपी पत्नी ने पति की हत्या के बाद बच्चों से कहा कि उनके पिता सो रहे हैं और फिर घर में ताला लगाकर बच्चों के साथ दूसरे घर चली गई. सुबह होने पर मामले का खुलासा हुआ. मासूम बच्ची ने सबके सामने अपनी मां की करतूत बताई है. पुलिस जांच में ये बात भी सामने आई है कि उक्त महिला का अवैध संबंध चल रहा है. पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि कही अवैध संबंध तो इस हत्या की वजह नहीं है. सूचना मिलने पर लुण्ड्रा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम पर भेज दिया है. फिलहाल पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतेजार कर रही है.

एक नजर

गांजा तस्करी में तीन गिरफ्तार

भिलाई, 12 अप्रैल। भिलाई ओडिशा से गांजा लाकर भिलाई में सप्लाई करने से पहले छावनी पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है तीनों आरोपियों से कुल 6.140 किग्रा मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है छावनी चेतन सिंह चंद्राकर ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि तीन अज्ञात व्यक्ति पावर हाउस होण्डा शोरूम के पास रोड किनारे काफी मात्रा में सफेद थैला में गांजा रखे हुए खड़े हैं। सूचना पर थाना छावनी स्टाफने 10 अप्रैल की रात 10.30 बजे मौके पर पहुंचे जहां 3 अज्ञात व्यक्ति रोड किनारे 03 प्लास्टिक के थैला में अवैध रूप से अधिक मात्रा में नशीली पदार्थ गांजा रखे मिले आरोपियों से पूछताछ पर आरोपियों ने गांजा को ओडिशा से बेचने के लिए लाना बताए तीनों आरोपियों से नाम पूछने पर रूद्र किशोर बिशी उर्फ गोलु 28 वर्ष निवासी ग्राम चंद्ररपुर थाना बेलपडाए पंचायत सुलेकेला जिला बलांगीर ओडिशाए बशिष्ठ महानंद 32 वर्ष धोबपारा थाना कांटाभांजी जिला बलांगीर ओडिशाए मुकेश तांडी 29 वर्ष निवासी सेक्टर.6 सड़क नं 30 बताया। आरोपी रूद्र किशोर से 2.064 किग्रा गांजाए आरोपी बशिष्ठ महानंद से 2.024 किग्रा गांजा एवं आरोपी मुकेश ताण्डी से 2.052 किग्रा गांजा कुल मात्रा 6.140 किग्रा गांजा बरामद किया ।

कमकासुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

भिलाई, 12 अप्रैल। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर के अंतर्गत दुल्की माइन्स के समीपस्थ ग्राम कमकासुर में 10 अप्रैल को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में कुल 16 लोगों की जांच करके उनको दवाई का वितरण किया गया। शिविर में सामान्य जांच के अतिरिक्त शुगर, बीपी आदि की निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई।

प्रमोशन लिस्ट जारी, निगम कर्मचारियों के खिले चहरे

भिलाई, 12 अप्रैल। निगम निगम भिलाई के कर्मचारियों के चेहरे खिल गए, लंबे इंतजार के बाद प्रमोशन लिस्ट जारी हुआ। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा छानबीन समिति की अनुशंसा पर कर्मचारियों की पदोन्नति लिस्ट जारी हुई। जिसमें अनिल कुमार मेश्राम राजस्व निरीक्षक को सहायक राजस्व अधिकारी के रूप में पदोन्नति प्रदान की गई है। इसी प्रकार लंबे इंतजार के बाद शशि भूषण मोहंती को मूल पद चौकीदार से पदोन्नति करके सहायक ग्रेड 3 लिपिक बनाया गया है। संतराम देवांगन एवं दिनेश बेलचंदन पूर्व पद चौकीदार से पदोन्नति करके सहायक राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति किया गया है। आदेश जारी होने के 15 दिन के अंदर पदोन्नति पद पर कार्यभार ग्रहण करना होगा अन्यथा पदोन्नति आदेश निरस्त माना जाएगा। सभी कर्मचारी लम्बी अवधि से अपनी सीनियारिटी का इंतजार कर रहे थे। आयुक्त पाण्डेय ने छानबीन समिति गठित करके समय अवधि के अंदर निर्णय लेने के निर्देश दिए थे। समिति के अनुशंसा के बाद अधिकारियों को और कर्मचारियों को पदोन्नति प्राप्त हो गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं कर्मचारी संघ के पदाधिकारी द्वारा पदोन्नति कर्मचारियों को शुभकामना दी हैं।

युवाओं से नशे जैसी आदतों से दूर रहने की अपील

कवर्धा, 12 अप्रैल। बीजेपी वरिष्ठ नेता प्रताप चंद्रवंशी ने शहर और गांवों में बच्चों और युवाओं के ज्यादा गुटखा खाने ओर शराब पीने की खराब आदत को चिंतनीय बताते हुए कहा की भविष्य में केसर या लीवर खराब होने की संभावना बढ़ सकती है इसलिए मेरी विनम्र अपील है की नशा जैसी कुरीतियों से दूर रहे और शिक्षा में अच्छे से ध्यान दे और बच्चों को अच्छे से पढ़ाए लिखाए ।

सुशासन तिहार 2025:कलेक्टर व जिला पंचायत अध्यक्ष ने जमीन पर बैठकर ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा 12 अप्रैल । सुशासन तिहार के प्रथम चरण के अंतिम दिन कलेक्टर गोपाल वर्मा और जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू बोड़ला विकासखंड के ग्राम खैरबनाकला में पहुंचकर स्वयं ग्रामवासियों से आवेदन लिये। उन्होंने जमीन पर बैठकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान ग्रामवासियों से चर्चा कर उनकी शिकायत, समस्या और मांगों को सुनकर आवेदन लिया। उन्होंने सुशासन तिहार की अवधारणा, उद्देश्य एवं गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओं अजय कुमार त्रिपाठी, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, बोड़ला एसडीएम सुश्री रूचि शार्दुल, तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर गोपाल ने ग्रामीणों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने ज्यादातर आदेवन जॉब कार्ड, पीएम आवास, पेयजल, सड़क और राजस्व सहित विभिन्न प्रकार से सम्बन्धित आवदेन किए। सुशासन तिहार के चौथे दिन जिले में शहरी सहित ग्राम पंचायतों में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचकर अपनी मांग, शिकायत और समस्याओं के निराकरण के लिए समाधान पेटी में आवेदन जमा किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में सुशासन की स्थापना सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक स्तर पर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने एवं शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने सुशासन तिहार का आयोजन नगरीय एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों में किया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार का आयोजन प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान नागरिकों से प्राप्त शिकायतों और समस्याओं का निराकरण प्रभावी तरीके से किया जाएगा। इसका उद्देश्य सरकार की योजनाओं का सही और पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है, ताकि आम नागरिकों को उनका अधिकार समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में समाधान पेटी स्थापित की है, जिससे नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक आसान और सुलभ तरीका मिल सके। समाधान शिविरों का आयोजन भी इस प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जहां अधिकारियों के साथ मिलकर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों से प्राप्त सभी आवेदन की निगरानी की जाएगी और उनका निराकरण सुनिश्चित करने के लिए कार्य किया जाएगा।

बैठक में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने की विकास कार्यों की समीक्षा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 12 अप्रैल। जनपद पंचायत सभागार, पंडरिया में विधायक भावना बोहर ने विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की और नगर में हो रहे विकास कार्यों और अधोसंरचना निर्माण को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय में पूरा करने तथा जनता द्वारा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की और जनता को उसका लाभ समय पर दिलाने एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी को देखते हुए नगर में पर्याप्त जल आपूर्ति एवं बिजली आपूर्ति के प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों का भी जायजा लिया एवं जनता को बिजली व पानी को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसलिए व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त करने की बात अधिकारियों को कही है । इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हमारे पंडरिया विधानसभा में भी पांच वर्षों तक कांग्रेस के शासनकाल में जो विकास कार्य ठप्प पड़े थे वह अब तीव्र गति से हो रहें हैं। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है तो जनता की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार भी उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास से लेकर सौन्दर्यीकरण व प्रकाश व्यवस्था की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। ऐसे में जनता को इन सुविधाओं एवं विकास कार्यों का लाभ सुचारू एवं गुणवत्तापूर्ण मिल सके इसके लिए समय-समय पर कार्यों की समीक्षा करना एवं उनके सुचारू क्रियान्वयन हेतु एक जनप्रतिनिधि के रूप में उनका अवलोकन करना हमारी जिम्मेदारी बनती है।उन्होंने बताया कि पंडरिया नगर को एक आदर्श नगर बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं, विगत 15 महीनों में पंडरिया नगर के लिए लगभग 24 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात डबल इंजन भाजपा सरकार के सुशासन में मिली है। वर्षों से नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग हरिनाला पुल निर्माण के लिए 76 लाख रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली । अधोसंरचना मद के तहत पंडरिया नगर में कुल 3 करोड़ 14 लाख रुपए से अधिक के कार्यों को स्वीकृति मिली है, बजट 2025-26 में 16 करोड़ 63 लाख रुपए के विकास कार्यों को माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वीकृति प्रदान की है वहीं समग्र शिक्षा व विभिन्न मद के तहत भी करोड़ों के विकास कार्यों की स्वीकृत नगर पालिका पंडरिया को मिली है, जिससे पंडरिया के विकास को गति मिलेगी साथ ही यहां व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इन सभी विकास कार्यों की सौगात डबल इंजन भाजपा सरकार पंडरिया नगर की जनता द्वारा भाजपा के प्रति विश्वास से मिली है। हमारा लक्ष्य है कि पंडरिया को आने वाले समय में समृद्ध व एक विकसित नगर के रूप में विकसित करें जहाँ जनता की आकाँक्षाओं के अनुरूप सुविधाओं का विस्तार करेंगे।इस अवसर पर नगर पालिका पंडरिया की अध्यक्ष श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे, उपाध्यक्ष सुमित तिवारी, समस्त पार्षद और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

भरेली में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

कवर्धा, 12 अप्रैल। गांव भरेली में सुबह सुबह श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान जी की पूजा कर और आरती कर हनुमान जन्मोत्सव मनाया । पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बलदाऊ चंद्रवंशी सहित श्रद्धालु आरती में शामिल हुए । पूजा उपरांत प्रसाद वितरण किया गया ।

बीएसपी के स्टील जोन में अंतर्विभागीय सुरक्षा प्रतियोगिता संपन्न

भिलाई, 12 अप्रैल। भिलाई स्टील प्लांट के स्टील ज़ोन के सात प्रमुख विभागों आरसीएल, आरईडी, आरएमडी, एमआरडी, टीएंडडी, एसएमएस-2 और एसएमएस-3 में आयोजित अंतर्विभागीय सुरक्षा प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तुषारकांत उपस्थित थे व विशेष अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक डी. सतपथी एवं मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार उपस्थित रहे। समारोह में स्टील ज़ोन के सभी प्रमुख विभागों के मुख्य महाप्रबंधक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे जिनमे मुख्य महाप्रबंधक एस. के. घोषाल, मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार, महाप्रबंधक प्रभारी रंजन भारती सहित अन्य अधिकारीगण शामिल थे। सहायक प्रबंधक सुमित कुमार ने सुरक्षा शपथ दिलाई, जिसके उपरांत ललित यादव के नेतृत्व में आरईडी विभाग की टीम द्वारा सुरक्षा पर लघु नाटिका प्रस्तुत किया गया एवं टीएंडडी से बलराम और आरसीएल से डोमेन्द्र ने सुरक्षा कविता पाठ के माध्यम से सुरक्षा को गहराई और भावना से जोड़ा। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में अहिंसा परमो धर्मः के सन्देश को रेखांकित किया। स्वागत उद्बोधन महाप्रबंधक प्रभारी रंजन भारती ने दिया। सहायक महाप्रबंधक अवनीश दुबे ने कार्यक्रम का विस्तृत विवरण प्रदान कर सभा को सभी प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी। आयोजन समिति का नेतृत्व महाप्रबंधक श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोस ने किया, जिनमें टी. बैठा, एन.के. साहू, बी टुडू, विजय कुमार, अवनीश दुबे, ईश्वर, बी. बाला, जी. सिंघल, नितिन, सुमित, सुश्री फिलोमीना, राकेश, इंद्रदीप, बर्माटे एवं मनोज की टीम शामिल थे। संचालन सुश्री मंजू मौर्य और आकर्ष उपाध्याय द्वारा दिया गया।

गांव चलो अभियान में जिला बीजेपी कोषाध्यक्ष रुपेश शामिल हुए

कवर्धा,12 अप्रैल। पलानसरी गांव में गांव चलो अभियान के अंतर्गत जिला बीजेपी कोषाध्यक्ष रुपेश जैन ने बीजेपी कार्यकर्ताओं और बीजेपी पदाधिकारियों ओर समाज प्रमुखों के साथ केंद्र और राज्य सरकार की जन हितकारी योजनाओं पर चर्चा किए ओर भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए युवा कार्यकर्ताओं को विचार दिए ।

द ग्रेट खली ने सेक्टर-9 हनुमान मंदिर में किया अभिषेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई नगर, 11 अप्रैल। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के आमंत्रण पर भिलाई पहुंचे भारतीय डब्ल्यूडब्ल्यूई दिग्गज द ग्रेट खली उर्फ दलीप सिंह राणा को सेक्टर-9 का हनुमान मंदिर बेहद पसंद आया। अंडरटेकर को मात देकर डब्ल्यूडब्ल्यूई में देश का नाम रौशन करने वाले खली ने कहा कि विधायक रिकेश ने कुछ दिन पहले ही इस मंदिर का दर्शन उन्हें वीडियो कॉल पर जैसै ही कराया उन्होंने हनुमान जन्मोत्सव में भिलाई आने की ठान ली थी। सचमुच पवन पुत्र हनुमान के इस मंदिर में इतनी दिव्य शक्ति है कि अपने दुबई में आज के कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए वे हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या को यहां पहुंचे और मंदिर दर्शन किये। मंच से उन्होंने युवा शक्तियों से दोनों हाथ उठा कर संकल्प कराया कि सभी लोग किसी बनना प्रकार के नशा से दूर रहते हुए देश और अपने भविष्य के निर्माण में सकारात्मक कदम बढ़ाते रहेंगे। खली ने कहा कि जिस तरह पत्थर तोड़ने जैसे मजदूरी का काम करते हुए उन्होंने अंडरटेकर तक को पछाड़ने का जज्बा खुद में लाया उसी संघर्ष और परिश्रम की शक्ति का महत्व समझते हुए युवा साथी हमेशा अपने बेहतर भविष्य के निर्माण और भारतवर्ष का नाम रौशन करने की सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ें। विधायक रिकेश सेन और भाजपा जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन ने दलीप सिंह राणा को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

जनता का उत्साह और समर्थन दर्शाता है कि सही दिशा में पहुँच रही है सरकार की योजनाएं: प्रेमप्रकाश पांडेय

भिलाई, 12 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने वार्ड-38 के बूथ क्रमांक 161 एवं 91 में जनसंपर्क कर आमसभा को संबोधित किया।

उन्होंने आमजनों से भेंट कर उनसे संवाद किया और केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी साझा की। पाण्डेय ने बूथ क्रमांक 161 में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात की तथा क्षेत्र का दौरा कर योजनाओं की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि जनता का उत्साह और समर्थन यह दर्शाता है कि सरकार की योजनाएं सही दिशा में पहुँच रही हैं और आमजन का जीवन स्तर सुधार रही हैं। इसके पश्चात वार्ड 38 के बूथ क्रमांक 91 में आयोजित आमसभा में उन्होंने उपस्थित नागरिकों से संवाद करते हुए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत आदि योजनाओं की जानकारी साझा की। पाण्डेय ने कहा कि भाजपा की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र को आत्मसात करते हुए समाज के हर वर्ग तक विकास की किरण पहुंचा रही है।

भिलाई-चरौदा में चार दिनों से चल रहा सुशासन तिहार का समापन

भिलाई-03, बाजार चौक चरौदा बस्ती वार्ड क्रमांक-21 एवं सामुदायिक भवन सामनी वार्ड-38 में समाधान पेटी के साथ निगम के कर्मचारी सुबह 10 बजे से लेकर 05 बजे तक मौजूद रहे। इन आवेदनों में सभी प्रकार के विषय शामिल हैं, जिनमें

भिलाई-3। भिलाई-चरौदा निगम द्वारा सुशासन तिहार शिविरों का आयोजन 8 से 11 अप्रैल तक निगम कार्यालय के अलावा अन्य 3 स्थानों पर किया गया। बाजार चौक पानी, बिजली, रोड व नाली, सफाई, राशन कार्ड, पेंशन, पटटा एवं आवास आदि की मांग की गयी है। इसके साथ ही शिकायत संबंधी आवेदन भी प्राप्त हुए हैं। जिन पर अगले एक माह के अवधि में समाधान/निराकरण करने की नियमानुसार कार्यवाही निगम प्रशासन द्वारा की जायेगी। यह बता दें कि निगम कमिश्नर डी एस राजपूत द्वारा प्राप्त आवेदनों को शासन द्वारा निर्धारित पोर्टल में इंद्राज करने निर्देश प्रदान किये गये हैं। 8 अप्रैल को प्राप्त हुए कुल आवेदनों की संख्या 81 रही। जिसमें मांग के 56 एवं शिकायत के 25 आवेदन पाये गये। 09 अप्रैल को सुशासन तिहार शिविर के दूसरे दिन मांग के 82 और शिकायत के 22 कुल 104 आवेदन प्राप्त हुए। तीसरे दिन दिनांक 10 अप्रैल को मांग के 89 तथा शिकायत के 21 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर के आखिरी दिन 11 अप्रैल 2025 को मांग के 294 और शिकायत 43 आवेदन प्राप्त हुए।

शिवनाथ एक्सप्रेस से गहनों से भरा पर्स पार

भिलाई, 12 अप्रैल। भिलाई पिछले दिनों शिवनाथ एक्सप्रेस में सवार होकर गोंदिया से रायपुर जा रही महिला का जेवरात रखा पर्स अज्ञात आरोपी ने चोरी कर लिया था महिला ने रायपुर स्टेशन पर जीआरपी थाना में शिकायत दर्ज कराई थी इसके बाद महिला पारिवारिक आयोजन में शामिल होने फ्लाइट से दिल्ली चली गई थी पीड़िता के वापस गोंदिया आने पर दुर्ग जीआरपी चौकी पुलिस ने गोंदिया पहुंचकर पीड़िता से चर्चा की और घटना के संबंध में पूर्ण जानकारी ली जांच अधिकारी ने बताया कि प्रार्थिया हीना पटेल ने पुलिस को बताया है कि उसकी आंख गोंदिया स्टेशन छूटने के बाद ही लग गई थी दुर्ग स्टेशन पार होने के बाद खुली तब उसने देखा कि उसका पर्स गायब था सोने चांदी के जेवरात को लेकर प्रार्थिया ने पुलिस को 31 लाख रुपए कीमत के जेवरात की रसीद सौंपी है जब कि एफ आई आर में 65 लाख रुपए कीमत के जेवरात लिखाए गए थे पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी टीवी फुटेज में कोई भी संदेही नजर नहीं आया है अब पुलिस गोंदिया से लेकर रायपुर के बीच ट्रेन के भीतर जो लोग मोबाइल ऑन कर बातचीत किए हैं जिनके लोकेशन उस समय ट्रेन के भीतर मिल रहे हैं सबके रिकॉर्ड की जांच करेगी।

धनोरा बाबा दरबार में निकलेगी झांकी के साथ शोभायात्रा

उतई, 12 अप्रैल। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में हनुमान प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर दरबार में पुजा पाठ करके भव्य झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी आगे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि यह शोभा यात्रा बजरंग पारा से बजार चौक मेनगली शितला पारा कर्मा चौक गौरा चौक बमल ई पारा गोल्डन चौक होते हुए महावीर उद्यान पहुंचे गी जहां पर विराजे गदाधारी हनुमान जी की पुजा अर्चना किया जाएगा दरबार के सभी भक्तों के द्वारा एवं पताका चढ़ हाकर सभी भक्तों की सुख समृद्धि की कामना करे गे भव्य गाजे बाजे के साथ झांकी निकालेगी सभी भक्तों हाथ में केशर ईया रंग झंडा लेकर साथ साथ हनुमान जी के नारे लगाते चलेगे गली गली बजरंग बली बजरंग बली एवं चौक चौराहे पर प्रसाद खिचड़ी हलुआ एवं शरबद बांटा जाएगा रात्रि 10 बजे से महावीर उद्यान में छत्तिसगढ़ के मशहूर सांस्कृतिक कार्यक्रम राग अनुराग हेमलाल कौशल कृत की प्रस्तुति होगी ।

भक्त माता कर्मा जयंती मनाई गई

महासमुंद। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला ग्राम कापा में भक्त माता कर्मा की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुआ साहू समाज के ग्रामीण पदाधिकारी के द्वारा भव्य स्वागत किया तुषार साहू ने साहू समाज को विशेष रूप से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि माता भक्त कर्मा का जीवन हम सभी को मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस अवसर पर समाज की वर्ष भर की संपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा की जानी चाहिए और जिन क्षेत्रों में समाज एवं समाज के लोग आगे बढ़े हैं, उन्हें रेखांकित किया जाना चाहिए।

एक नजर

प्रभारी सचिव रेणु पिल्ले पहुंचीं गंगरेल

धमतरी, 11 अप्रैल। प्रदेश की अपर मुख्य सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, अध्यक्ष, व्यापम एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल तथा धमतरी जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्ले ने आज अपने धमतरी प्रवास के दौरान पंडित रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध पहुंची। इस दौरान गंगरेल बांध स्थित रेस्ट हाउस के पास बनने वाले इंडोर और आउटडोर पार्क का अवलोकन किया। बताया गया कि इंडोर पार्क में म्यूजियम स्थापित किया जाएगा, जिसमें साईंस संबंधी 40 प्रकाश के सामग्री लगाए जाएंगे। वहीं आउटडोर साईंस पार्क में 25 प्रकार के एक्यूपमेंट होंगे। इन इंडोर और आउटडोर साईंस पार्कों के बन जाने से ना केवल पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र रहेगा, बल्कि विद्यार्थियों को विज्ञान संबंधी जानकारियां प्राप्त हो सकेंगे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, एडीएम श्रीमती रीता यादव, ईई आरईएस श्री आर.राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ. भीमराव आम्बेडकर जंयती 14 अप्रैल को, मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव 12 अप्रैल। राज्य शासन के निर्देशानुसार डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल 2025 दिन सोमवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

डोंगरगांव जनपद पंचायत में स्थायी समितियों का निर्वाचन सम्पन्न

डोंगरगांव, 12 अप्रैल। जनपद पंचायत डोंगरगांव में शुक्रवार को स्थायी समितियों के सभापति एवं सदस्यों का निर्वाचन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया में सभी समितियों के लिए अध्यक्ष एवं सदस्य पदों पर निर्विरोध चयन किया गया, जिससे स्थानीय शासन व्यवस्था को मजबूती मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सामान्य प्रशासन, शिक्षा, कृषि, संचार-संपर्क, सहकारिता एवं उद्योग, महिला एवं बाल विकास, वन एवं पर्यावरण, आजीविका मिशन और आपदा प्रबंधन समितियों में सभापतियों एवं सदस्यों का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। सभी समितियों में संतुलित प्रतिनिधित्व के साथ अनुभवी एवं सक्रिय जनप्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। इस निर्वाचन में जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ ही भाजपा के नेता धनराज ठाकुर, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, सेवक साहू, डोमन पटेल, प्रवेश ठाकुर, कपिल पटोती, लखन सूर्यवंशी, लक्ष्मी नारायण सेन और नीरेंद्र साहू की उल्लेखनीय भूमिका रही।

ग्राम कारूटोला में जल संरक्षण के लिए निकाली गई जल कलश यात्रा

राजनांदगांव 12 अप्रैल। वनों और पहाडियों की गोद में बसे प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण ग्राम कारूटोला में पद्मश्री फूलबासन यादव के नेतृत्व में जल कलश यात्रा निकाली गई। जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश लिए जब जल कलश का कारवां निकला, तब ग्रामवासियों की खुशी दुगुनी हो गई। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत श्री भरत वर्मा एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू विशेष तौर पर जल कलश यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम में जल संरक्षण के कार्यों में नारी शक्ति की महत्ता को उकेरते हुए पद्मश्री फूलबासन यादव ने ग्रामीण महिलाओं से अधिक से अधिक सोख्ता गड्ढा बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने सोख्ता गड्ढा बनाने की आसान तकनीक से लोगों को परिचित कराया। उन्होंने वर्षा जल के संचयन की विधि से भी लोगों को अवगत कराया।

सुशासन तिहारः वार्डवासियों ने दिखाया उत्साह

राजनांदगांव 12 अप्रैल। राज्य शासन के सुशासन तिहार 2025 को जन समुदाय का अच्छा समर्थन मिला। नगरीय निकायो में प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक जन समस्याओ के लिये शिविर के माध्यम से आवेदन लेने की कडी में नगर निगम द्वारा वार्डो में आयोजित शिविर में वार्डवासियों ने गर्मी मे भी उत्साह दिखाया और पुरूष के अलावा महिलाओ ने भी बढ चढ कर पहुँच अपनी समस्याओं के संबंध में आवेदन दिये। 4 दिन के शिविर में मांग के 4 हजार 5 सौ 95 एवं शिकायत संबंधी 8 सौ 56 कुल 5 हजार 4 सौ 51 आवेदन प्राप्त हुए।

शिक्षा है विकास का मूलमंत्र : साय

मुख्यमंत्री साय छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष राजा पांडेय के पदभार ग्रहण समारोह में हुए शामिल

रायपुर, 11 अप्रैल। मुख्यमंत्री श्री साय छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री राजा पांडेय के पदभार ग्रहण समारोह में हुए शामिल। शिक्षा ही विकास का मूलमंत्र है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। एक पढ़े-लिखे व्यक्ति और अनपढ़ व्यक्ति के जीवन में जमीन आसमान का अंतर होता है। स्कूली बच्चों को पुस्तकें उपलब्ध कराने में पाठ्य पुस्तक निगम की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। यह बातें मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री राजा पांडेय के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में कहीं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण करने पर श्री राजा पांडेय को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाठ्य पुस्तक निगम का दायित्व है की किताबें समय पर छपें और बच्चों को स्कूल में पुस्तकें समय पर उपलब्ध हों। मुझे पूरी उम्मीद है कि श्री राजा पांडेय पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष के रूप में अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में शिक्षा की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। इस लिहाज से पाठ्यपुस्तक निगम के पास एक बड़ी जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति की शुरुआत की गई है, जिसे हमने छत्तीसगढ़ में लागू किया है। नई शिक्षा नीति में शिक्षा के साथ-साथ रोजगार पर भी फोकस किया गया है। प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर हम बच्चों को 18 स्थानीय बोलियों में किताबें उपलब्ध करा रहे हैं। इससे बच्चे अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त कर पायेंगे। नई शिक्षा नीति का लाभ राज्य के बच्चों को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ की 25 वर्ष की यात्रा में शिक्षा के क्षेत्र में देश के शीर्ष संस्थान जैसे आईआईटी, आईआईएम, नेशनल लॉ स्कूल और ट्रिपल आईटी छत्तीसगढ़ में स्थापित हुए हैं। आज चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में 14 मेडिकल कॉलेज हैं। एम्स जैसे राष्ट्रीय चिकित्सा संस्थान का लाभ लोगों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। आज नवा रायपुर में हमने प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर यूनिट का भूमिपूजन किया है। ये सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में देश का दूसरा यूनिट है।

गौतम गंभीर स्कूली बच्चों को सिखाएंगे क्रिकेट के गुर, आगे बढ़ने के लिए करेंगे प्रेरित

गौतम गंभीर 13 अप्रैल को रायपुर में CricFest 2025 के उद्घाटन समारोह में होंगे शामिल, उप मुख्यमंत्री अरुण साव रहेंगे उपस्थित

रायपुर, 12 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के उभरते क्रिकेट प्रतिभाओं के लिए 13 अप्रैल का दिन ऐतिहासिक होने जा रहा है। इस दिन भारत को दो बार क्रिकेट विश्व कप का खिताब जिताने वाले और भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर रायपुर पहुंच रहे हैं। वे रायपुर ओम्निया (कोर्टयार्ड बाय मैरियट के बगल में) में सुबह 9:30 बजे CricFest 2025 का भव्य उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही वे छात्रों को नेतृत्व व क्रिकेट के गुर सिखाएंगे। वहीं इस खास मौके पर उप-मुख्यमंत्री श्री अरुण साव एवं छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जुबिन शाह भी इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। समारोह में गौतम गंभीर चयनित छात्रों के साथ एक विशेष मार्गदर्शन सत्र में भाग लेंगे, जहां वे सीधे छात्रों के साथ बातचीत करेंगे और उन्हें क्रिकेट की बारीकियां सिखाएंगे। इसके अतिरिक्त गंभीर और अन्य गणमान्य जन CricFest 2025 के लिए एक विशेष जर्सी का अनावरण करेंगे।

स्कूली छात्रों से बातचीत के बाद गौतम गंभीर इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी ग्राउंड, अवंती विहार, रायपुर का दौरा करेंगे, जहां वे स्टंप्स की पूजा कर क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। गौरतलब है कि, CricFest 2025 छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रतिभाओं के लिए एक अद्वितीय पहल है, जिसमें छात्रों को विश्व स्तरीय कोचिंग प्राप्त होगी।

शिविर में क्रिकेट के लीजेंड देंगे प्रशिक्षण-इस शिविर में दक्षिण अफ्रीका के महान फील्डर जोंटी रोड्स, 60 से अधिक प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके और दिल्ली रणजी टीम के चयनकर्ता मयंक सिदाना क्रिकेट खेल की तकनीक से परिचय कराएंगे। साथ ही दिल्ली कैपिटल्स के स्काउट रहे और इंडिया कैपिटल्स के सहायक कोच सुहैल शर्मा, भारत के सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग कोचों में से एक अतुल रानाडे, भारत ए का प्रतिनिधित्व कर चुके छत्तीसगढ़ के स्थानीय नायक पंकज राव जैसे अनुभवी कोचों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। बता दें कि 14 अप्रैल से गौतम गंभीर के मेंटरशिप में प्रशिक्षण शिविर शुरू होगा। इस खास अवसर को यादगार बनाने छात्रों को एक विशेष CricFest जर्सी और शिविर के मेंटर गौतम गंभीर द्वारा हस्ताक्षरित एक कैप भी प्रदान किया जाएगा।

पीएचई विभाग ने की अवैध रूप से टूल्लू पंप का उपयोग करने वालों पर कार्रवाई

राजनांदगांव 12 अप्रैल। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमलों द्वारा द्वारा ग्रीष्म ऋतु में जिले के सभी ग्रामों में पेयजल की सतत व्यवस्था बनाये रखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। अवैध रूप से टुल्लू पंप के माध्यम से सीधे नलों से पानी लेने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण कर टुल्लू पंप के माध्यम से सीधे नलों से अवैध तरीके से पानी लेने वालों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिसके परिपालन में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से चल रहे टुल्लू पंपों पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए टीम का गठन किया है तथा पीएचई विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

सुशासन तिहार में संवाद से होगा समाधानः किरण वैष्णव

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया, 12 अप्रैल। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव सुशासन तिहार के अंतिम दिन के अवसर पर ग्राम भंडारपुर, गहिराभेडी, बेलरगोदी, पठानढोरगी, केशाल, दैहान, गर्रापार पहुंची। जहां आम जनता से रूबरू होकर सुशासन तिहार में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे ग्रामीणजनो से चर्चा की। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य की भाजपा सरकार प्रदेश में सुशासन तिहार अभियान का शुरुआत हो चूका है। यह तिहार तीन चरणों में होने जा रहा है। यह तिहार सुशासन को मजबूती देने के लिए हो रहा। इसका उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान करना तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और प्रचार-प्रसार करना है। अगर किसी कारणवश आप समाधान पेटी तक पहुंचकर अपना आवेदन जमा नहीं कर पा रहे हैं, तो आपके लिए ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की इस पहल को व्यापक रूप से जन-जन का सहयोग मिल रहा है। इस पहल को सफल बनाने मुख्यमंत्री श्री साय की जनता से अपील की है।सरकार से संवाद और समस्याओं के समाधान की पहल को मिल रहा व्यापक जनसमर्थन मिला रहा है महिलाओं एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक बड़ी संख्या में किया आवेदन की है। आवेदन के पश्चात एक महीने के अंदर आवेदनों का निराकरण किया जायेगा।व छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय श्री विष्णु देव साय जी खुद गांव पंचायत में जाकर निरीक्षण करेंगे।

जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया

अनशन पर बैठे छग मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रेमनारायण वर्मा सहित अन्य लोगों से महापौर यादव ने की चर्चा

राजनांदगांव 12 अप्रैल। नगर निगम राजनांदगांव के कर्मचारियो को समय पर वेतन, भविष्य निधि की राशि नियमित जमा करने के अलावा आम जनता को समुचित पेयजल, साफ सफाई एवं अन्य मूलभूत समस्या को लेकर छत्तीसगढ मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री प्रेमनारायण वर्मा अपने साथियों के साथ अनशन पर बैठे थे, जिनसे आज महापौर श्री मधुसूदन यादव उनकी मागों पर सार्थक चर्चा कर जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। उल्लेखनीय है कि श्री प्रेमनारायण वर्मा अपने साथियो के साथ निगम कर्मचारियो के वेतन, भविष्य निधि के अलावा दोनो समय पेयजल सप्लाई, हिटवे को ध्यान मे रखकर समुचित साफ सफाई, दवा छिडकाव सहित अन्य मूल भूत समस्याओ को लेकर कल से अनशन पर बैठे थे। उनसे चर्चा करने आज महापौर श्री मधुसूदन यादव अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा एवं अधिकारियों से साथ अनशन स्थल पहुच उनसे चर्चा किये। चर्चा उपरांत महापौर श्री यादव ने कहा कि इस वर्ष मोहारा शिवनाथ नदी में जल स्तर गत माह से ही कम हो गया है, मोगरा एवं मटियामोती से पानी लिया जा रहा है, जिसे आने से भी बीच के ग्रामवासियो द्वार रोका जाता है, जिस वजह से 3 दिन में पहुचने वाला पानी 10 दिन में पहुचा।

हनुमान जयंती पर प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना का आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगांव, 12 अप्रैल। अप्रैल हनुमान जयंती के पावन अवसर पर ग्राम राजा खुज्जी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में एक दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। विदित हो कि यह दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर अति प्राचीन है जिसमें मंदिर के ऊपर विभिन्न कलाकृतियां उकेरी गई है जो स्वयं में अद्भुत है प्राचीन मंदिरों में ही यह देखने को मिलता है। साथ ही मंदिर परिसर में गणेश जी और भैरव की मूर्ति भी स्थापित है । भक्तों का कहना है कि यहां श्रद्धा से मांगी गई हर मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। यह आयोजन हनुमान मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से सम्पन्न हो रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः विधिवत पूजा-अर्चना एवं सुंदरकांड पाठ से होगी, तत्पश्चात श्रीराम कथा एवं रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। दिनभर चलने वाले इस धार्मिक आयोजन का समापन भंडारे के साथ किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी। आयोजकों ने ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुजनों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं तथा हनुमान जयंती के पुण्य अवसर पर भागीदारी कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

श्री हनुमान सेवा दल ने हनुमान जन्मोत्सव पर किया 2051 सुंदरकांड पुस्तिकाओं का वितरण

रायपुर, 12 अप्रैल। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के परम भक्त, संकटमोचन हनुमान जी की जयंती चैत्र मास की पूर्णिमा के दिन पूरे देशभर में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई जाती है। हनुमान जी की अतुलनीय सेवा, बल, बुद्धि और भक्ति के प्रतीक स्वरूप इस दिन को विशेष रूप से उनके स्मरण और पूजन के लिए समर्पित किया जाता है।

हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर रायपुर स्थित श्री हनुमान सेवा दल द्वारा एक विशेष आयोजन किया गया, जिसमें राजीव गांधी चौक पर श्रद्धालुओं को 2051 सुंदरकांड पुस्तिकाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला और कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।

श्री हनुमान सेवा दल के अध्यक्ष पंकज मिश्रा और महामंत्री प्रशांत दुबे ने बताया कि सुंदरकांड रामचरितमानस का अत्यंत महत्वपूर्ण भाग है, जिसमें भगवान हनुमान जी की वीरता, भक्ति और बुद्धिमत्ता का अद्भुत चित्रण है। इसका नियमित पाठ करने से जीवन में आने वाली कठिनाइयों से मुक्ति मिलती है, मानसिक शक्ति और आत्मविश्वास की वृद्धि होती है। सुंदरकांड का पाठ श्रद्धालुओं को सकारात्मक ऊर्जा और जीवन में प्रेरणा प्रदान करता है।

इस आयोजन का उद्देश्य लोगों में धार्मिक चेतना जागृत करना और आध्यात्मिक पुस्तकों के माध्यम से भगवान श्रीराम और हनुमान जी के प्रति भक्ति को प्रोत्साहित करना था। पुस्तिका वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री हनुमान सेवा दल के समस्त सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।

इस विशेष कार्यक्रम में पंकज मिश्रा, प्रशांत दुबे, अमित शर्मा, कुणाल दुबे, आकर्ष शुक्ला, पंकज ठाकुर, वैभव मुंजेवार, संतोष राव, ओमप्रकाश यादव, विनायक तिवारी, संजू ठाकुर, नरेश नवानी, प्रदीप पांडेय, पारस धीवर सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने न केवल वितरण कार्य को सुचारू रूप से संपन्न किया बल्कि जनमानस में सेवा और भक्ति की भावना भी जागृत की। श्री हनुमान सेवा दल द्वारा किए गए इस धार्मिक व सामाजिक कार्य की चारों ओर सराहना हो रही है। संगठन का उद्देश्य भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज सेवा और धार्मिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार को जारी रखना है।

समाचार संक्षेप

मूल्यांकन कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों को करें ब्लैक लिस्ट : रेणु

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी, 12 अप्रैल। प्रदेश की अपर मुख्य सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, अध्यक्ष, व्यापम एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल तथा धमतरी जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्ले ने आज अपने धमतरी प्रवास के दौरान जिले में बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन केन्द्र शिव सिंह वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से मूल्यांकन कार्य में आ रही दिक्कतों के बारे में पूछा तथा इसे और बेहतर करने के लिए सुझाव भी लिए। इसके अलावा प्रतिदिन मूल्यांकन किए जाने वाले उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या की भी जानकारी श्रीमती पिल्ले ने ली। जिला शिक्षा अधिकारी टी.आर.जगदल्ले ने बताया कि मूल्यांकन केन्द्र में संस्कृत, बायोलॉजी और कृषि विज्ञान के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। शिक्षकों द्वारा प्रतिदिन 25-30 उत्तर पुस्तिकाओं की जांच की जा रही है। उन्हांने यह भी बताया कि मूल्यांकन कार्य निर्बाध तरीके से चल रहा है। शिक्षकों ने बताया कि मूल्यांकन कार्य का मानदेय चार-पांच महीने बाद मिलने की जानकारी दी, जिस पर श्रीमती पिल्ले ने मानदेय जल्द से जल्द प्रदाय करने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि मूल्यांकन कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षक को ब्लैक लिस्ट किया जाए। इसके साथ ही मूल्यांकन कार्य के लिए तैयार लिस्ट को अद्यतन भी करने कहा।

प्लेटफॉर्म श्रमिकों के पंजीयन के लिए लग रहे शिविर

धमतरी, 12 अप्रैल। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्लेटफॉर्म श्रमिकों का ई श्रम पोर्टल में ज्यादा से ज्यादा पंजीयन किया जाना है। इसके लिए श्रम पदाधिकारी ने श्रम निरीक्षक श्रीमती निम्मी पटेल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि धमतरी जिले में संचालित प्लेटफॉर्म बेस्ड गिग वर्कर्स और उनके संगठनों से समन्वय और उनकी बैठक लेकर उनका पंजीयन किया जाएगा। इसके लिए 9 से 17 अप्रैल तक शिविर लगाया जा रहा है। इसके साथ ही शिविर में संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। यह शिविर 9 अप्रैल को अमेजन कोरियर ऑफिस नवकार हॉस्टल धमतरी में लगाया गया है। वहीं 11 अप्रैल को आमातालाब रोड, इंडोर स्टेडियम के पास स्थित फ्लिपकार्ट कोरियर ऑफिस में शिविर आयोजित हुआ। इसी तरह 15 अप्रैल को विंध्यवासिनी वार्ड, कारगिल चौक के पास डेलहीवरी कोरियर ऑफिस, 16 अप्रैल को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हटकेशर वार्ड स्थित मीशो ऑफिस में और 17 अप्रैल को जिला श्रम पदाधिकारी कार्यालय धमतरी के कक्ष क्रमांक 68 में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्लेटफॉर्म श्रमिक जैसे जोमेटो, उबेर, ओला, रैपिडो, स्विगी, ब्लिकीट, इंस्टामार्ट, फ्लिपकार्ट, अमेजन, प्लेटफॉर्म बेस्ड डिलीवरी पर्सन आदि का ई-श्रम पोर्टल में पंजीयन किया जाएगा।

प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

धमतरी, 12 अप्रैल। प्रदेश के खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री तथा धमतरी जिले के प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा आज जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल धमतरी का औचक निरीक्षण किया। श्री वर्मा ने जिला अस्पताल के सिटी स्कैन, ब्लड बैंक और पुरुष वार्ड का जायजा लिया। उन्होंने पुरूष वार्ड में भर्ती मरीजों से चर्चा की और अस्पातल प्रबंधन द्वारा दी जा रही सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। प्रभारी मंत्री ने अस्पताल में साफ-सफाई बनाए रखने, मरीजों को सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैय्या कराने, ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर नगरनिगम महापौर श्री रामू रोहरा, पूर्व विधायक धमतरी श्रीमती रंजना साहू, कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, आयुक्त नगर निगम श्रीमती प्रिया गोयल, सीएमएचओ डॉ.यूएल कौशिक, डॉ टोंडर, गिरीश कश्यप, डीपीएम श्रीमती प्रिया कँवर सहित अस्पताल के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

आमजन की समस्याओं से रूबरू होने महापौर पहुंची विभिन्न बस्तियों में

कोरबा 12 अप्रैल। महापौर संजूदेवी राजपूत आमजन की समस्याओं से रूबरू होने तथा उनके निराकरण के लिए विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर समस्याओं की जानकारी ली, उन्होने निगम के वार्ड क्र. 01, 02 एवं 14 की विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों में पैदल भ्रमण करते हुए वहाँ के नागरिकों से भेंट मुलाकात की, पानी, बिजली, साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं व विकास से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली तथा इनके त्वरित निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने पार्षदों, जनप्रतिनिधियों व निगम के अधिकारियों के साथ कोरबा जोन के वार्ड क्र. 01, 02 एवं 14 के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों पटेलपारा, फोकटपारा, इंदिरा नगर, सांई मोहल्ला, रामसागरपारा, शासकीय स्कूल के पीछे मोहल्ला, अमरैयापारा, शारदाविहार सहित अन्य बस्तियों व मोहल्लों का दौरा किया। महापौर श्रीमती राजपूत स्कूटी सवार होकर वार्ड में पहुंची तथा बस्तियों में पैदल भ्रमण करते हुए वहाँ के निवासियों से भेंट मुलाकात की, उनकी समस्याओं की जानकारी ली, इस दौरान महापौर श्रीमती राजपूत बिजली, पानी व साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से अवगत हुई तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पानी का प्रेशर बढ़ाने आवश्यक कदम उठाएं - भ्रमण के दौरान कुछ बस्ती के निवासियों ने महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत से बस्तियों के आखिरी छोर पर पानी का प्रेशर कम होने जैसी समस्याएं बताई, जिस पर महापौर श्रीमती राजपूत ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बस्तियों के आखिरी छोर तक पानी का पर्याप्त प्रेशर बने तथा लोगों को उनकी आवश्यकतानुसार पेयजल की आपूर्ति उपलब्ध हो सके, इस दिशा में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही करें। कतिपय लोगों द्वारा नल कनेक्शन में टुल्लू पम्प लगाकर पानी खींचे जाने की शिकायत पर महापौर श्रीमती राजपूत ने उनसे आग्रह किया कि नल कनेक्शन में टुल्लू पम्प न लगाएं, ताकि सभी नागरिकबंधुओं को पर्याप्त रूप से पेयजल उपलब्ध हो सके तथा सभी घरों तक पर्याप्त पानी पहुंच सके। साफ-सफाई कार्यों में कसावट लाएं - महापौर श्रीमती राजपूत ने इन विभिन्न बस्तियों के भ्रमण के दौरान वहाँ की साफ-सफाई का जायजा लिया।

संपादकीय

आतंकवादी का प्रत्यर्पण बड़ी बात तो है

कोई काम जब पहली बार किसी देश में होता है तो वह देश व देश के लोगों के लिए बड़ी बात तो होती है।भारत पहली बार एक आतंकवादी को पकड़कर सजा देने के लिए लाने में सफल हुआ है तो यह देश की सरकार के लिए बड़ी उपलब्धि तो है। जनता सरकार इस बात के लिए सरकार की तारीफ तो करेगी ही कि मोदी सरकार ही पहली ऐसी सरकार जिसने मुंबई आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड को पकड़कर देश लाने में सफल हुई है। कई आतंकवादी भारत में आतंकवादी हमला कर पाकिस्तान या विदेश भाग जाते हैं, उन्होंने भारत में अपराध किया है, वह भारत के गुनहगार हैं लेकिन कई बार किसी देश से प्रत्यर्पण संधि नहीं होने पर उस देश से देश के अपराधी को पकड़कर लाना संभव नहीं होता है। किसी देश से प्रत्यर्पण संधि होने पर उस देश के कानून, उसे देश से भारत के संबंध कैसे हैं,उस देश के अपने राजनीतिक हित के चलते अपराधी को देश पकड़कर लाना आसान नहीं होता है। पीएम मोदी के ट्रंप से अच्छे संबंध के चलते ही पाकिस्तानी आतंकवादी तहव्वूर राणा को अमरीका से भारत लाना संभव हो सका है फिर भी इसमें करीब करीब 16 साल लग गए हैं।तहव्वूर राणा पाकिस्तानी सेना में डाक्टर था,हालांकि हमले के बाद उसने दूसरे देश की नागरिकता ले ली थी। लेकिन यह बात को सभी को पता है कि पाकिस्तान के कहने पर ही उसने मुंबई में आतंकवादी हमला करवाया था इसलिए पाकिस्तान भी परेशान है कि तहव्वूर राणा पर भारत में मुकदमा चलेगा तो फिर एक बार विश्व में इस बात की चर्चा होगी कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पालता पोसता है और उनका उपयोग पड़ोसी देश भारत में आतंक फैलाने के लिए करता है। वैसे भी पीएम मोदी के चलते पाकिस्तान पूरे विश्व में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए बदनाम है और बहुत सारे देशों से पहले की तरह मदद नहीं मिलती है। वह आतंकवाद को बढ़ावा देने के कारण विश्व अकेला पड़ गया है। तहव्वूर राणा को अमरीका से भारत लाए जाने का देश की राजनीति पर भी बड़ा असर पड़ने वाला है।किसी दूसरे देश से आतंकवादी को पकड़कर भारत लाना और उस पर मुकदमा चलाकर सजा देने का यह पहला मामला है, मोदी सरकार तो इसका श्रेय लेगी ही कि पहली बार जो सरकार किसी आतंकवादी को किसी दूसरे देश से पकड़कर लाने में सफल हुई है तो वह मोदी सरकार है। इस आधार पर पीएम मोदी व भाजपा फिर देश में माहौल बनाएंगे कि मोदी सरकार ही ऐसी सरकार जो विदेश से आतंकवादी को पकड़कर ला सकती है और सजा दिला सकती है।तहव्वूर राणा से पूछताछ में भी कई बाते सामने आएंगी। यानी आने वाले दिनों तहव्वूर राणा कई दिनों तक चर्चा में रहने वाला है। भाजपा इसका राजनीतिक फायदा बिहार चुनाव में उठा सकती है इसलिए कांग्रेस भाजपा को तहव्वूर राणा के प्रत्यर्पण का श्रेय अकेले भाजपा को नहीं लेने देना चाहती है। जैसे ही यह खबर आई कि तहव्वूर राणा को भारत लाया जा रहा है तो कांग्रेस ने चिदंबरम को सामने किया और खुद भी श्रेय लेने लगी कि यूपीए सरकार ने भी तो तहव्वूर राणा के प्रत्यर्पण के लिए कोशिश की थी, यूपीए सरकार की कोशिशों के कारण ही आज तहव्वूर राणा को भारत लाया जा सका है।हकीकत यह है कि तहव्वूर राणा के प्रत्यर्पण में मिली सफलता सिर्फ कानूनी जीत नहीं है,यह अमरीकी अदालतों में सावधानी से दिए गए दलीलों व कूटनीतिक प्रयासों का नतीजा है।चर्चा है कि अमरीका में राणा की कानूनी टीम ने भारत को प्रत्यर्पण के विरोध में तर्क दिया था कि राणा पर पहले से ही संबंधित अपराधों के लिए मुकदमा चलाया जा चुका है।इसलिए उस पर भारत में फिर से मुकदमा चलाना गैरकानूनी होगा। इस पर भारत की कानूनी टीम ने यह तर्क दिया था कि भारत में राणा पर मुकदमा दूसरे मामले में चलाया जाएगा तब जाकर अमरीका से उसका प्रत्यर्पण संभव हो सका है। कांग्रेस कितना ही तर्क दे ले कि उसने भी प्रत्यर्पण के लिए कोशिश की थी या उसने दाऊद गैंग के अबू सलीम का प्रत्यर्पण कराया था लेकिन कांग्रेस को राणा के प्रत्यर्पण का जरा सा श्रेय भी मिलने से रहा क्योंकि इस बात की घोषणा तो तब की गई थी जब मोदी व ट्रंप एक मंच पर थे।इसके बाद तय हो गया था कि देरसबेर राणा का प्रत्यर्पण तो होना ही और यह अब जाकर 2025 में संभव हो सका है।यह भी ऐसे समय हुआ है जब कांग्रेस ने अपने अधिवेशन में बिहार चुनाव

जीतने के लिए रण?ीति बनाई है कि जाति जनगणना,आरक्षण पचास प्रतिशत और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर बिहार का चुनाव लड़ा जाएगा। भाजपा राष्ट्रवाद के मुद्दे को जब उठाती है तो देश में कोई राजनीतिक दल उसका मुकाबला नहीं कर सकता। कसाब के मामले में भाजपा ने सिर्फ एक लाइन कहा था कि कांग्रेस ने कसाब को जेल में बिरयानी खिलाती थी और इसका कांग्रेस को राजनीतिक नुकसान हुआ था। इसके अलावा मोदी सरकार ने जब पाक में चल रहे आतंकियों के ठिकानों पर हमला किया था तो पीएम मोदी की छवि ऐसे नेता की बनी थी कि वह तो पाकिस्तान को घर में घुसकर मारने वाले नेता हैं। इसका भी चुनाव में भाजपा को फायदा हुआ था।तहव्वूर राणा को भारत लाया जा चुका है, अभी कई महीनों उस पर मुकदमा चलना है,उसके बाद उसको सजा होनी है, यह सजा यदि बिहार चुनाव के आसपास होती है तो इसका लाभ निश्चित रूप से भाजपा को होगा। देश में आतंकवाद व अलगाववाद को खत्म करने का श्रेय तो उसे मिल चुका है। इस वजह से वह मजबूत सरकार मानी जाती है।तहव्वूर राणा को सजा होती है तो मोदी सरकार को इस बात का श्रेय भी मिलेगा की उसने आतंकवादी को भारत में लाकर सजा दिलाई है। इससे जनता के बीच फिर एक बार संदेश जाएगा कि मोदी सरकार वाकई में मजबूत सरकार है। वैसे तो देश में लोग यह भी कहते हैं कि पाकिस्तान में आतंकवादी मारे जाते हैं तो वह भी मोदी सरकार सुपारी देकर हत्या करवाती है। यानी जनता मानती है कि पीएम मोदी आतंकवादियों को उनके देश में मरवा सकते हैं, विदेश से लाकर देश में सजा भी दिलवा सकते हैं।

हनुमान जयंती पर विशेष

जीवन जीने की कला सिखाते हैं राम भक्त हनुमान

संदीप सृजन

हनुमान जी भारतीय संस्कृति और धर्म में एक अद्वितीय स्थान रखते हैं। रामायण के इस महान पात्र को न केवल एक शक्तिशाली योद्धा और भक्त के रूप में जाना जाता है, बल्कि वे एक ऐसे प्रेरक व्यक्तित्व भी हैं जो हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। उनकी कहानियाँ, उनके गुण और उनका चरित्र हमें यह समझाते हैं कि जीवन की चुनौतियों का सामना कैसे करना चाहिए, अपने कर्तव्यों को कैसे निभाना चाहिए और एक संतुलित, सार्थक जीवन कैसे जीना चाहिए। हनुमान जी के जीवन से हमें जो शिक्षाएँ मिलती हैं, वे आज के आधुनिक युग में भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी प्राचीन काल में थीं।

निष्ठा और समर्पण-हनुमान जी का सबसे प्रमुख गुण है उनकी भगवान राम के प्रति अटूट निष्ठा और समर्पण। रामायण में हनुमान जी का हर कार्य इस बात का प्रमाण है कि वे अपने स्वामी की सेवा में पूर्णतः समर्पित थे। चाहे वह लंका में सीता माता की खोज हो, संजीवनी बूटी लाने का कठिन कार्य हो, या रावण की सेना से युद्ध करना हो, हनुमान जी ने कभी अपने कर्तव्य से मुँह नहीं मोड़ा। यह हमें सिखाता है कि जीवन में सफलता और संतुष्टि तभी मिलती है जब हम अपने लक्ष्यों, परिवार, और समाज के प्रति निष्ठावान रहते हैं। आज के समय में, जहाँ लोग अक्सर स्वार्थ और तात्कालिक सुखों के पीछे भागते हैं, हनुमान जी का यह गुण हमें याद दिलाता है कि असली शक्ति और आनंद अपने कर्तव्यों को निभाने में है। उदाहरण के लिए, एक छात्र जो अपने अध्ययन के प्रति समर्पित रहता है, एक कर्मचारी जो अपने काम के प्रति निष्ठा रखता है, या एक माता-पिता जो अपने बच्चों की परवरिश में पूरी मेहनत करते हैं—ये सभी हनुमान जी की निष्ठा से प्रेरणा ले सकते हैं। जीवन में जब हम किसी उद्देश्य के प्रति समर्पित होते हैं, तो वह हमें एक दिशा देता है और हमारे कार्यों को सार्थक बनाता है।

विनम्रता के साथ शक्ति-हनुमान जी की शक्ति का कोई मुकाबला नहीं था। वे पहाड़ उठा सकते थे, समुद्र लाँघ सकते थे, और राक्षसों की विशाल सेनाओं को परास्त कर सकते थे। लेकिन उनकी सबसे बड़ी खासियत यह थी कि वे अपनी शक्ति का कभी अहंकार नहीं करते थे। वे हमेशा नम्र बने रहे और अपनी शक्ति का उपयोग केवल दूसरों की भलाई के लिए किया। सुंदरकांड में जब वे लंका पहुँचते हैं, तो वे अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के बजाय पहले स्थिति को समझते हैं और फिर उचित कदम उठाते हैं। यह हमें सिखाता है कि शक्ति तभी सार्थक है जब वह नम्रता के साथ हो। आज के समाज में लोग अक्सर अपनी सफलता, धन, या प्रभाव का दिखावा करते हैं, लेकिन हनुमान जी हमें बताते हैं कि असली ताकत वह है जो दूसरों की मदद के लिए इस्तेमाल की जाए। उदाहरण के तौर पर, एक नेता जो अपनी शक्ति का उपयोग जनता की

सेवा के लिए करता है, या एक शिक्षक जो अपने ज्ञान को नम्रता से छात्रों तक पहुँचाता है, वे हनुमान जी के इस गुण को अपनाते हैं। हमारे जीवन में भी, चाहे हम कितने ही सफल क्यों न हों, नम्रता हमें जमीन से जोड़े रखती है और हमारे रिश्तों को मजबूत बनाती है।

साहस और आत्मविश्वास-हनुमान जी का जीवन साहस और आत्मविश्वास की मिसाल है। जब उन्हें लंका जाने का कार्य सौंपा गया, तो शुरू में वे संकोच में थे। लेकिन जामवंत के प्रोत्साहन से उन्होंने अपनी शक्ति को पहचाना और समुद्र को लाँघ कर लंका पहुँच गए। यह घटना हमें सिखाती है कि हमारे अंदर भी अपार संभावनाएँ छिपी हैं, बस हमें अपने आप पर विश्वास करने की जरूरत है। हनुमान जी ने यह भी दिखाया कि साहस का मतलब सिर्फ शारीरिक बल नहीं, बल्कि मन की दृढ़ता भी है। आधुनिक जीवन में कई बार हम मुश्किलों से घबरा जाते हैं,चाहे वह नौकरी में असफलता हो, पारिवारिक समस्याएँ हों, या व्यक्तिगत चुनौतियाँ। हनुमान जी हमें प्रेरणा देते हैं कि हमें अपने डर को पीछे छोड़कर आगे बढ़ना चाहिए। उदाहरण के लिए, एक युवा जो नई नौकरी शुरू करने से डरता है, या एक उद्यमी जो व्यवसाय शुरू करने में हिचकिचाता है, वे हनुमान जी के साहस से सीख सकते हैं। आत्मविश्वास और साहस हमें न केवल मुश्किलों से लड़ने की ताकत देता है, बल्कि हमें बेहतर इंसान भी बनाता है।

निस्वार्थ सेवा-हनुमान जी का जीवन निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। उन्होंने कभी भी अपने लिए कुछ नहीं माँगा। चाहे वह सीता माता को ढूंढना हो, लक्ष्मण के लिए संजीवनी लाना हो, या राम की सेना की मदद करना हो, हनुमान जी ने हमेशा दूसरों की भलाई को प्राथमिकता दी। उनकी यह निस्वार्थता हमें सिखाती है कि जीवन का असली सुख दूसरों की मदद करने में है। आज के स्वार्थी युग में यह गुण और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। हम अक्सर अपने लाभ के बारे में सोचते हैं, लेकिन हनुमान जी हमें याद दिलाते हैं कि जब हम दूसरों के लिए कुछ करते हैं, तो वह न केवल समाज को बेहतर बनाता है, बल्कि हमें भी आंतरिक शांति देता है। उदाहरण के लिए, एक व्यक्ति जो जरूरतमंदों की मदद करता है, या एक स्वयंसेवक जो अपने समय को समाज सेवा में लगाता है, वह हनुमान जी की इस शिक्षा को जीता है। हमारे छोटे-छोटे प्रयास, थोड़ा प्रोत्साहित करना, किसी की सहायता करना भी निस्वार्थ सेवा का हिस्सा बन सकते हैं।

बुद्धिमत्ता और विवेक-हनुमान जी केवल शक्तिशाली ही नहीं, बल्कि अत्यंत बुद्धिमान और विवेकशील भी थे। लंका में उन्होंने अपनी बुद्धि का परिचय तब दिया जब वे सीता माता से मिले और उन्हें राम का संदेश पहुँचाया। उन्होंने स्थिति को भाँपकर सही समय पर सही कदम उठाया। रावण के दरबार में भी उनकी बुद्धिमत्ता और वाक्पटुता देखने लायक थी। यह हमें सिखाता है कि जीवन में केवल शक्ति या साहस ही काफी नहीं, बल्कि बुद्धि और विवेक का होना भी जरूरी है। आज के समय में, जहाँ हमें हर दिन कई निर्णय लेने पड़ते हैं, हनुमान जी का यह गुण हमें सही और गलत के बीच चयन करने में मदद कर सकता है। उदाहरण के तौर पर, एक व्यवसायी को अपने व्यापार में जोखिम और लाभ का आकलन करने के लिए विवेक चाहिए, या एक छात्र को अपनी पढ़ाई के लिए सही दिशा चुनने के लिए बुद्धि की जरूरत होती है। हनुमान जी हमें सिखाते हैं कि भावनाओं में बहने के बजाय सोच-समझकर कदम उठाना चाहिए। हनुमान जी के जीवन की ये शिक्षाएँ केवल धार्मिक या आध्यात्मिक संदर्भ तक सीमित नहीं हैं। आज के व्यस्त और तनावपूर्ण जीवन में ये हमें एक संतुलित और सकारात्मक दृष्टिकोण देती हैं। निष्ठा हमें अपने लक्ष्यों पर केंद्रित रखती है, नम्रता हमें अहंकार से बचाती है, साहस हमें चुनौतियों से लड़ने की ताकत देता है, निस्वार्थता हमें दूसरों के प्रति संवेदनशील बनाती है, और बुद्धि हमें सही मार्ग दिखाती है। हनुमान जी का जीवन हमें यह भी सिखाता है कि हमें अपने अंदर की शक्ति को पहचानना चाहिए। जैसे जामवंत ने हनुमान जी को उनकी शक्ति का अहसास कराया, वैसे ही हमें भी अपने आसपास के लोगों और परिस्थितियों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। चाहे वह व्यक्तिगत जीवन हो, सामाजिक जिम्मेदारियाँ हों, या कैरियर की चुनौतियाँ—हनुमान जी की शिक्षाएँ हर क्षेत्र में हमारा मार्गदर्शन कर सकती हैं। हनुमान जी एक ऐसे व्यक्तित्व हैं जो हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। उनकी निष्ठा, नम्रता, साहस, निस्वार्थता और बुद्धि हमें यह समझाती है कि एक सार्थक जीवन कैसे जिया जा सकता है। वे हमें बताते हैं कि शक्ति का असली मतलब दूसरों की भलाई में है, और साहस का मतलब अपने डर को हराने में है। आज के समय में, जब हम तनाव, प्रतिस्पर्धा और अनिश्चितता से घिरे हैं, हनुमान जी का जीवन और उनकी शिक्षाएँ एक प्रकाश स्तंभ की तरह हमें सही रास्ता दिखाती हैं। यदि हम उनके इन गुणों को अपने जीवन में अपनाएँ, तो न केवल हमारा जीवन बेहतर होगा, बल्कि हम अपने आसपास के लोगों के लिए भी प्रेरणा बन सकते हैं। हनुमान जी का आशीर्वाद हमें हमेशा प्राप्त हो, और हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर एक संपूर्ण जीवन जी सकें।**(विनायक फीचर्स)**

राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। बिजनेस में भी आपकी योजनाएं आपको अच्छा लाभ देंगी, जिससे आप खर्च भी आसानी से कर सकेंगे। आप अपने भविष्य को लेकर भी कुछ धन संचय करने की योजना बना सकते हैं। जीवनसाथी और आपके बीच यदि किसी बात को लेकर दूरी आ गयी थी, तो वह समाप्त होगी। आपको किसी परिजन से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए लाभ दिलाने वाला रहेगा। आप अपने बिजनेस में किसी के साथ पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करें, क्योंकि आपका धन फंसने की संभावना है, इसलिए आप बिना सोचे समझे किसी से धन को लेकर कोई वादा ना करे, नहीं तो आपका कोई भारी नुकसान हो सकता है, इसलिए आपको कोई निर्णय समझदारी दिखाते हुए लेना होगा। संतान ने यदि किसी स्कॉलरशिप से संबंधित एग्जाम को दिया था, तो उसमें उन्हें अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है, क्योंकि आप काम को ज्यादा महत्व देंगे। आप अपने खान-पान पर भी नियंत्रण बनाएं। पारिवारिक समस्याएं फिर से उठ सकती है, जिनको लेकर आपको टेंशन अधिक रहेगी। वरिष्ठ सदस्य आपकी काफी मदद करेंगे। आपको अपने मन में चल रही उलझनों को लेकर अपने भाइयों से बातचीत करनी होगी, जिससे आपको समस्याओं से काफी हद तक निजात मिलेगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए किसी नए घर मकान, दुकान आदि की खरीदारी के लिए रहेगा। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आप अपने परिवार के सदस्यों को लेकर कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आपकी अच्छी सोच आपको मान सम्मान दिलवाएगी। आपके बॉस भी आपसे काफी खुश रहेंगे और आपके दिए गए सुझावों का स्वागत होगा। आपका कोई काम यदि धन को लेकर रुका हुआ था, तो उसके भी पूरा होने की संभावना है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। संतान नौकरी को लेकर कहीं बाहर जा सकती हैं। आपको अपने किसी निर्णय को लेकर पछतावा होगा। बिजनेस में आपकी अच्छी छाप रहेगी और आपको कोई सरकारी टेंडर भी मिल सकता है। आपके करियर में चल रही समस्याएं भी दूर होंगी। आपको किसी मित्र के द्वारा कोई अच्छा इन्वेस्टमेंट प्लान मिल सकता है, लेकिन आपको माताजी से किए हुए वादे को समय रहते पूरा करना होगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहे लोगों को थोड़ा समझदारी से आगे बढ़ना होगा। आपको किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचना होगा। परिवार में किसी सदस्य से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। बिजनेस में भी आपकी किसी गलती से कोई नुकसान हो सकता है। काम अधिक रहने के कारण व्यस्तता रहेगी। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से लंबे समय बाद मुलाकात होगी।

तुला- आज का दिन आपके लिए धन को लेकर योजना बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपको किसी से धन उधार लेने से बचना होगा। वाहनों का प्रयोग आप सावधान रहकर करें। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गयी थी, तो वह आपको वापस मिल सकती है। आपको बिजनेस में पार्टनरशिप करने से बिजनेस काफी बढ़िया चलेगा। लेकिन आपके कुछ गुप्त शत्रु आपके मित्र के रूप में हो सकते हैं, जिन्हें आपको पहचान की आवश्यकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके खर्च बढ़ सकते हैं, जो आपको समस्या देंगे। आपको अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलना बेहतर रहेगा। आपकी कोई नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकती है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। यदि आपका धन डूबा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है।

धनु- आज आपको व्यर्थ के झगड़े व झंझटों से छुटकारा मिलेगा। कोई कानूनी मामले में भी जीत मिलेगी, जिससे आपको खुशी होगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगी। यदि आप किसी काम को लेकर ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से धन उधार लेंगे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। कार्यक्षेत्र में आप कामों को लेकर जल्दबाजी बिल्कुल न दिखाएं।

मकर- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में ढील देने से बचना होगा। आप अपने घर परिवार के सदस्यों की समस्याओं को सुनने के लिए भी समय निकालेंगे। आपका मन इधर-उधर के कामों में खूब लगेगा। आपको पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपका कोई लेनदेन आपके लिए समस्या बन सकता है। संतान नौकरी के लिए कहीं बाहर जा सकती हैं। आपकी कार्यक्षेत्र में पद व प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

कुंभ- आज आपको अपनी वाणी व व्यवहार में मधुरता बनाए रखनी होगी। आपकी बेवजह क्रोध करने की आदत आपको समस्या दे सकती है। आपको अपने रुके हुए कामों को समय से निपटाना होगा। आपसे कोई गलती होने से कार्यक्षेत्र में डांट खानी पड़ सकती है। आप वाद विवाद से दूर रहे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपकी कला कौशल से निखार आएगा, जिससे आपकी छवि निखरेगी रहेगी। आप कोई महत्वपूर्ण डिसीजन वरिष्ठ सदस्यों की सलाह से ले सकते हैं।

मीन- आज आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। काम समय से पूरा होने में समस्या आ सकती है। आप अपने मन में लोगों के प्रति नकारात्मक विचारों को न रखें। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी।

त्वचा की देखभाल के लिए इस्तेमाल करें आर्गन ऑयल, मिलेगा भरपूर फायदा

आर्गन ऑयल एक ऐसा प्राकृतिक तेल है, जो त्वचा की देखभाल के लिए बहुत फायदेमंद है। यह तेल मोरक्को के आर्गन पेड़ के बीजों से निकाला जाता है और इसमें विटामिन-श्व, फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। इन गुणों के कारण यह तेल त्वचा को नमी देता है, झुर्रियों को कम करता है और त्वचा को स्वस्थ बनाए रखता है। आइए जानते हैं कि आर्गन ऑयल का इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है। त्वचा को नमी देने के लिए इस्तेमाल करेंआर्गन ऑयल एक बेहतरीन तरीका है, जो आपकी त्वचा को गहराई से नमी देता है। इसे रोजाना नहाने के बाद या जब आपकी त्वचा सूखी लगे, तब लगाएं।

इसके लिए बस कुछ बूंदें अपने हाथों पर लेकर हल्के हाथों से चेहरे और हाथों पर मालिश करें। यह तेल त्वचा में तेजी से समा जाता है और इसे मुलायम और चमकदार बनाता है।नियमित उपयोग से आपकी त्वचा की नमी बनी रहती है।

मेकअप हटाने के लिए करें इस्तेमाल-मेकअप हटाना कभी-कभी त्वचा के लिए कठोर हो सकता है, लेकिन आर्गन ऑयल इसका एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके लिए थोड़ा सा आर्गन ऑयल रूई पर लेकर अपने चेहरे पर हल्के हाथों से मालिश करें। इससे आपका सारा मेकअप आसानी से हट जाएगा और आपकी त्वचा कोमल और साफ महसूस होगी। यह तरीका न केवल असरदार है, बल्कि आपकी त्वचा को पोषण भी देता है और उसे नमी भी प्रदान करता है।

सनबर्न से मिल सकता है छुटकारा-अगर आपको सनबर्न का डर है तो आर्गन ऑयल आपकी मदद कर सकता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन-ई त्वचा को ठंडक पहुंचाते हैं और जलन कम करते हैं। इसके लिए थोड़ी मात्रा में आर्गन ऑयल प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। यह तरीका न केवल आपकी त्वचा को आराम देता है, बल्कि उसे पोषण भी प्रदान करता है और उसे नमी भी प्रदान करता है।

स्ट्रेच मार्क्स के निशान को कम करने में है कारगर-स्ट्रेच मार्क्स अक्सर गर्भावस्था या वजन बढ?-घटने के कारण होते हैं। इनसे छुटकारा पाने के लिए आर्गन ऑयल का नियमित उपयोग फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए प्रभावित क्षेत्र पर रोजाना कुछ बूंदें लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें।

हनुमान जन्मोत्सव

बुद्धि और प्रबंधन के विश्वविद्यालय

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

हनुमान तेहि परसा कर पुनि कीन्ह परनाम ।
राम काज कीन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम ।।

श्री रामचरित मानस के सुंदर कांड में गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा यह पंक्तियां यूं ही नहीं रच दी गईं हैं । इन पंक्तियों का सार पूरी रामायण में स्पष्ट समझा जा सकता है । भगवान श्री राम से वानर राज सुग्रीव की मित्रता का प्रसंग हो या फिर सीता माता की खोज की योजना , प्रभु श्री राम के अनुज को शक्तिबाण लगने के बाद संजीवनी बूटी लाकर उनके प्राणों की रक्षा का संकल्प , दशानन के भ्राता विभीषण के हृदय में प्रभु श्री राम के प्रति आस्था का दीप प्रज्ज्वलित करने तक इन पंक्तियों का अर्थ भलीभांति समझ में आता है । जब तक प्रभु श्री राम के द्वारा सौंपा गया कार्य सिद्ध नहीं हो जाता , उनके अनन्य भक्त हनुमान जी कहते हैं , उन्हें विश्राम नहीं करना है ! हनुमान जी के उक्त संकल्प के अनेक उदाहरण रामचरित मानस और रामायण में उल्लेखित हैं । इस संदर्भ में सबसे सटीक प्रमाण सुंदर कांड में ही हमारे समक्ष आता है । लंका की ओर जाते समय हनुमान जी को मैनाक पर्वत ने कुछ समय के लिए अपने ऊपर विश्राम करने का निमंत्रण दिया । अपने प्रभु की भक्ति और कर्मनिष्ठा से ओत - प्रोत हनुमान जी ने मैनाक पर्वत को अपने हाथों से स्पर्श कर प्रणाम किया और बड़े ही विनम्र भाव के साथ कहा :- अपने प्रभु का काम संपन्न किए बिना मुझे विश्राम नहीं करना है ।

हनुमान जी इस कलियुग के अकेले ऐसे चिरंजीव प्रभु श्री राम के सेवक हैं , जो आज भी उनके कार्यों को संपन्न कर रहे हैं । हनुमान जी के मस्तिष्क में कूट - कूट कर भरी हुई प्रबंध क्षमता यह बताती है कि उनसे बड़ा मैनेजमेंट गुरु कोई और नहीं ! हनुमान जी की प्रबंधन क्षमता का सबसे बाद प्रसंग उस वक्त सामने आता है , जब वे माता सीता की खोज में लंका प्रवेश करते हैं । वे इस विचार में खोए होते हैं कि इतनी बड़ी स्वर्ण नगरी में माता का ठिकाना कैसे और किससे पता करें ? उनके विचारों को पूर्णता मिली जब उन्होंने विभीषण के घर के द्वार पर तुलसी का पौधा , स्वस्तिक और धनुष - बाण के चिन्ह देखे । उनकी तीक्ष्ण बुद्धि से उन्होंने जान लिया कि असुरों की इस स्वर्ण नगरी में कोई तो सज्जन निवास कर रहा है ! उन्होंने विभीषण से दोस्ती की और अपनी प्रबंधन क्षमता का परिचय देते हुए प्रभु श्री राम के गुणों से विभीषण को अवगत कराया ! उन्होंने विभीषण को सीधे - सीधे प्रभु श्री राम के खेमे में शामिल होने का आमंत्रण नहीं दिया । हनुमान जी ने विभीषण के अंतर्मन में प्रभु श्री राम के प्रति उत्सुकता का बीज बो दिया ! जब लंकापति रावण ने भरी सभा में विभीषण का अपमान किया तब विभीषण को हनुमान जी और उनकी कही बातें याद आई और वह सीधे प्रभु श्री राम की शरण में पहुंच गया ! यह बजरंगबली की प्रबंधन क्षमता का ही परिणाम था कि उन्होंने यह समझ लिया था कि लंका पर जीत के लिए किसी ऐसे व्यक्ति की प्रबल जरूरत होगी जो लंका के हर कोने से , वहां रहने वाले लोगों से भलीभांति परिचित हो ! उन्हें विभीषण में वह व्यक्ति नजर आया । हनुमान जी का अवतार ही प्रभु श्री राम की सहायता के लिए हुआ था । स्कंद पुराण में उल्लेख मिलता है कि भगवान भोलेनाथ के ग्यारहवें रुद्रावतार द्वारा ही श्री विष्णु के राम - अवतार की सहायता की जाएगी । यही कारण था कि भगवान शिव - शंकर ने श्री विष्णु से दास्य (दास) रूप में अवतार का वरदान प्राप्त किया । भगवान शंकर के समक्ष बड़ा धर्म संकट था कि जिस रावण के वध हेतु वे श्री राम की सहायता करना चाहते हैं , वह उनका परम भक्त भी है ! इसी रावण ने अपने दस शीश को अर्पित कर भगवान शंकर के दस रुद्रों को संतुष्ट कर रखा था । आखिरकार ग्यारहवें रुद्र के रूप में भगवान भोलेनाथ ने अपने अंशावतार को हनुमान रूप में प्रभु श्री राम की सहायता के लिए अवतरित किया । इतना ही नहीं स्वर्ग के सारे देवताओं ने ग्यारहवें रुद्र के रूप में जन्मे हनुमान जी को अपार शक्तियां प्रदान की । विद्या - बुद्धि से लेकर बल - बुद्धि तक उनकी चतुरता का कोई सानी नहीं था । सर्व - शक्तिशाली होकर हनुमान जी ने अपने आराध्य के प्रति समर्पण का जो भाव अपने अंदर बनाए रखा, उसी के चलते वे एक कुशल प्रबंधक के रूप में स्थापित हुए । हनुमान जी अतुलित बलशाली होते हुए भी भक्ति की अनुपम मिसाल बने रहे ! उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर मयार्दा पुरुषोत्तम ने उन्हें वरदान दिया कि मुझसे भी ज्यादा तुम्हारे मंदिर होंगे और कलियुग में लोग अपने संकटों से मुक्ति पाने के लिए तुम्हारी ही उपासना करेंगे ! हनुमान जी ऐसे भक्त और सेवक सिद्ध हुए हैं जिन्होंने बड़े - बड़े काम करने के बाद भी अपनी शक्ति पर अंहकार नहीं किया ! उन्होंने सारे राम काज का श्रेय भी अपने प्रभु श्री राम को ही दिया । हमने सुंदर कांड में देखा है कि रावण की लंका दहन करने के बाद जब वे अपने आराध्य के पास पहुंचे तब प्रभु श्री राम द्वारा उनकी शक्ति और काम की प्रशंसा को भी उन्होंने अपने प्रभु की कृपा ही करार दिया । जब प्रभु श्री राम ने पूछा कि इतने विशाल समुद्र को उन्होंने कैसे पार किया ? कैसे इतनी बड़ी लंका को अग्नि के हवाले किया ? हनुमान जी ने बड़ी ही विनम्रता के साथ कहा यह सब आपकी कृपा का ही फल है । प्रभु मुद्रिका मेलि मुख माहि... अर्थात ये सब प्रताप तो आपकी मुद्रिका का ही था जिसे मुंह में रखकर ही मैने सौ योजन समुद्र लांघा !

प्रभु श्री राम ने तब कहा मुद्रिका जब तुमने जनक नंदनी को सौंप दिया तब वापसी में कैसे सागर लांघा ? हनुमान जी की प्रबंधन क्षमता यहां भी सामने आई और उन्होंने बड़ी ही सहजता के साथ कहा - प्रभु लौटते समय मां जानकी का चूड़ामणि मेरे पास था और मैं इस पार आ सका । अपने आराध्य के प्रति श्रद्धा और भक्ति का ऐसा दृश्य अन्यत्र दुर्लभ है । रामचरित मानस के सुंदर कांड में ही आई चौपाई भी इस बात को सिद्ध करती है कि महाबली हनुमान ने अपने द्वारा किए गए हर कार्य को प्रभु श्री राम की कृपा का आधार सिद्ध कर दिखाया । उन्होंने ऐसे ही प्रश्न पर प्रभु श्री राम के समक्ष कहा -

ता कहूं प्रभु कछु अगम नहीं , जा पर तुम अनुकूल ।
तव प्रभाव बड़वानलही, जारि सकई
खलु तूल ।।

अर्थात हे ! प्रभु इस संसार में उस व्यक्ति के लिए कुछ भी असंभव नहीं जिस पर आपकी कृपा हो । एक रूई का रेशा भी समुद्र की आग को जला सकता है !

एक नजर

आर्थिक सहायता स्वीकृत

कांकेर, 12 अप्रैल। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर द्वारा सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों के लिए 25-25 हजार रूपये और सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्तियों के लिए 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। भानुप्रतापपुर तहसील सुभाषपारा निवासी श्रीमती अंजली बिश्वास की सड़क दुर्घटना में घायल होने पर 10 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम साल्हे निवासी सुरेश कोसमा की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती सतवन्तीन के लिए 25 हजार रूपए और पुजारीपारा कलंगपुरी निवासी यामिनी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती बजईबाई के लिए 25 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

ग्राम पंचायत सचिवों की हड़ताल 24वें दिन भी जारी

मोहला, 12 अप्रैल। प्रांतीय आहवान पर पंचायत सचिव संघ की अनिश्चितकालीन हडताल 24 वे दिन भी जारी रही। नियमितिकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिव सरकार से आर पार की लडाई के मूड में है। सचिवो की चेतावनी है की जब तक उनकी मांगे पुरी नही होगी वे वापस काम पर नही लौटेगे। 18 मार्च से शासकीयकरण की मांग को लेकर राज्य शासन के खिलाफ आंदोलनरत पंचायत सचिव इस बार के आंदोलन में अपनी मागे पुरी होने पर ही हडताल समाप्त करने की बात कह रहे है। पंचायत सचिव राज्य षासान से पीएम मोदी की गांरटी को पुरा करने की मांग कर रहे है। सचिव संघ के पदाधिकारियो ने खुलासा किया की चुनाव से पूर्व भाजपा ने पीएम मोदी जी की गांरटी के नाम पर यह वायदा किया था की वे सरकार में आए तो सौ दिनो के अंदर प्रदेश के पंचायत सचिवो का शासकीय करण कर देंगे। लेकिन सरकार में आने के सवा साल के बाद भी भाजपा की सरकार अपना वायदा नही निभा रही है। पंचायत सचिवो में इस बात का आक्रोश है की भाजपा सरकार की ओर से पिछले वर्ष राजधानी रायपुर में हुए प्रदेश स्तरीय पंचायत सचिव सम्मेलन में सीएम व पंचायत मंत्री ने शासकीयकरण करने की बात को दोहराया था। और जुलाई माह में एक कमेटी बना दी थी, लेकिन कमेटी के गठन के बाद भी सरकार की ओर से अब तक कोई निर्णय नही लिया गया है। पंचायत सचिवों ने आरोप लगाया की भाजपा सरकार उनके साथ वादाखिलाफी कर रही है। उन्होने कहा की अब वे अपना अधिकार लड कर प्राप्त करेगे। पंचायत सचिव प्रतिदिन प्रातः 10 से सांय 5 बजे तक जनपद पंचायत परिसर में राज्य शासन के खिलाफ अपनी मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी कर रहे है। पंचायत सचिव के आंदोलन में नियमित तौर पर संघ के जिलाध्यक्ष व जिला पदाधिकारी के अलावा स्थानीय ब्लाक अध्यक्षव ब्लाक पदाधिकारी व जनपद के सभी ग्राम पंचायतो के सचिव शामिल हो रहे है।

जिला पंचायत में स्थाई समितियों का किया गया गठन

कोरबा 12 अप्रैल। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पवन कुमार सिंह एवं जिला पंचायत के स्थाई समिति गठन के पीठासीन अधिकारी श्री मनोज कुमार बंजारे की उपस्थिति में शुक्रवार को जिला पंचायत के सभागार में जिला पंचायत की स्थायी समितियों का गठन पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों के तहत किया गया। पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों के तहत कृषि समिति की सभापति श्रीमती सुष्मिता अनंत, शिक्षा समिति की सभापति श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, संचार तथा संकर्म समिति के सभापति श्री विनोद कुमार यादव, सहकारिता और उद्योग समिति की सभापति श्रीमती रेणुका राठिया, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति की सभापति श्रीमती माया रूपेश कंवर, वन समिति की सभापति श्रीमती सावित्री अजय कंवर, स्वच्छता समिति की सभापति श्रीमती सुषमा रवि रजक, पशुधन विकास समिति की सभापति श्रीमती शांति मरावी एवं सामान्य प्रशासन समिति के सभापति श्री पवन कुमार सिंह को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। समिति गठन के दौरान जिला पंचायत के सभी सदस्य उपस्थित रही।

पूर्व पार्षद देवीदयाल सोनी के अतिक्रमण पर निगम का चला बुलडोजर

कोरबा 12 अप्रैल। अवैध अतिक्रमण को लेकर कोरबा नगर पालिक निगम के आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देशानुसार ताबड़तोड़ कार्रवाई किया जा रहा है आयुक्त ने अवैध अतिक्रमण को लेकर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों के दिए हैं अतिक्रमण हटाओ के इस कार्रवाई में नगर निगम आयुक्त को शिकायत मिली थी कि बालको चेक पोस्ट मुख्य मार्ग में पूर्व पार्षद देवी दयाल सोनी के द्वारा स्वयं अतिक्रमण करने के बाद मेडिकल स्टोर के संचालक को मुख्य मार्ग पर पक्का निर्माण करने हेतु संरक्षण दिया जा रहा था। शिकायत के आधार पर नगर पालिका निगम कोरबा के जिम्मेदार अधिकारी विमल गोयल मौके पर पहुंच अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए पहुंचे थे लेकिन तीन दिन में सामान हटा लेने के निवेदन पर नगर निगम के संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों ने समय दे दिया था लेकिन समय बीत जाने के बाद भी अतिक्रमण हटाने के बावजूद निर्माण संबंधित कार्य कर रहे थे वारी अधिकारी द्वारा सूचना मिलने पर नगर निगम के अधिकारी विमल गोयल दलबल के साथ पहुंचे मुख्य मार्ग पर हुए अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए उसे मुक्त कर लिया है। अतिक्रमणकारियों में पवन मित्तल और अमित सोनी भी शामिल थे उनके अतिक्रमण को भी नगर पालिक निगम के द्वारा हटाया गया है।

अब दंतेवाड़ा में भी मिलेगा वाटर टूरिज्म का आनंद, पालनार में नौका विहार का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा, 12 अप्रैल। राज्य शासन की मंशा और जिला प्रशासन की सक्रिय सहभागिता से दंतेवाड़ा जिले को पर्यटन की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। शनिवार को ग्राम पंचायत पालनार में नौका विहार (बोटिंग) का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुंडामी ने फीता काटकर और नाव को रवाना कर इस नवीन पर्यटन स्थल का उद्घाटन किया। नौका विहार की शुरुआत से ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। यह पहल केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी प्रदान कर रही है।

नाव संचालन, पर्यटक गाइडिंग, स्थानीय व्यंजन स्टॉल, हस्तशिल्प बिक्री जैसी गतिविधियों से लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावनाएं बन रही हैं। इस मौके पर कुआकोंडा जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी, ग्राम पंचायत पालनार की सरपंच श्रीमती पवित्र मुड़ामी, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित भदौरिया, उपसरपंच विघ्नेश सिंहा, हितवार राजीव चौहान, पूर्व उपसरपंच उदय चंद्र सिंहा समेत अनेक जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों ग्रामीणजन मौजूद रहे।

पर्यटन से समग्र विकास संभव

इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुंडामी ने कहा, कि 卐पालनार में नौका विहार की शुरुआत केवल एक पर्यटन परियोजना नहीं है, बल्कि यह क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हमारा लक्ष्य है कि दंतेवाड़ा की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर को देश और दुनिया के सामने लाया जाए। इससे क्षेत्र की पहचान बढ़ेगी और युवाओं को स्वरोजगार के अनेक अवसर प्राप्त होंगे।

पर्यटन के माध्यम से बदलेगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर

जिला प्रशासन की यह पहल दर्शाती है कि जब शासन और प्रशासन मिलकर स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हैं, तो उसका सीधा लाभ आम जनता को मिलता है। पालनार का नौका विहार दंतेवाड़ा जिले में पर्यटन आधारित विकास का नया मॉडल बनकर उभरा है। इस परियोजना से न केवल पर्यटक आकर्षित होंगे, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। प्रशासन द्वारा भविष्य में इस क्षेत्र को एक समग्र पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की और भी योजनाएं लाई जाएंगी, जिससे दंतेवाड़ा जिले की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार की संभावना है।

सुशासन तिहार: पहले चरण के अंतिम दिन आवेदन देने लोगों का लगा तांता

■ अतिसंवेदनशील क्षेत्र के ग्राम अर्रा, बण्डापाल में भी उमड़े आवेदक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कांकेर, 12 अप्रैल। मुख्यमंत्री साय की मंशानुसार प्रदेशभर में सुशासन तिहार आयोजित कर ग्रामीण एवं शहरी आवेदकों से उनकी समस्याओं व मांगों पर आधारित आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। जिले के आवेदक निर्धारित प्रारूप में अपनी शिकायतों व मांगों को लिखकर समाधान पेटी में जमा कर रहे हैं। सुशासन तिहार के अंतिम दिन आज आवेदन जमा करने के लिए आवेदकों का तांता लगा रहा।

जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के अंतिम छोर पर नारायणपुर जिले की सीमा पर स्थित अतिसंवेदनशील ग्राम अर्रा, बण्डापाल में भी सुशासन तिहार में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। यहां के ग्रामीण स्वयमेव ग्राम पंचायत पहुंचकर अपनी मांगों और समस्याओं से संबंधित आवेदन समाधान पेटी में जमा किया। माओवाद के दृष्टिकोण से ये गांव अतिसंवेदनशील माने जाते हैं। ऐसे में शासन की योजनाओं पर भरोसा जताते हुए ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपनी अर्जी जमा कराई। सुशासन तिहार की यह बड़ी कामयाबी है, जिसके तहत अतिसंवेदनशील इलाकों में निवासरत ग्रामीणों ने लोकतंत्र पर आस्था प्रकट की है। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के पहले चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आवेदन प्राप्त किए गए। इसके तहत जिले के सभी विकासखण्ड अंतागढ़, कोयलीबेड़ा, दुर्गूकोंदल, भानुप्रतापपुर, चारामा, नरहरपुर और कांकेर की सभी ग्राम पंचायतों के अलावा नगरीय निकायों में रखी गई समाधान पेटी में आवेदक अपनी शिकायतों, समस्याओं अथवा मांगों को लिखित तौर पर जमा किया। इसके दूसरे चरण में 04 मई तक प्राप्त आवेदनों का समाधान किया जाएगा तथा 05 से 31 मई तक समाधान हेतु की गई कार्यवाही की समीक्षा करने के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां मौके पर मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री सहित केबिनेट मंत्री अथवा राज्य स्तर के आला अधिकारी मौजूद रहकर समाधान की गुणवत्ता परखेंगे।

लोन रिकवरी के नाम पर धमकाने वाले माइक्रोफाइनेंस एजेंटों पर गिरी गाज

कोरबा, 12 अप्रैल। फ्लोरा मैक्स कंपनी की ठगी की शिकार महिलाओं को माइक्रो फाइनेंस एजेंटों द्वारा लोन रिकवरी के नाम पर धमकाने के मामले में कोरबा पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितिश कुमार ठाकुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के पर्यवेक्षण में जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब तक जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 11 एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें से 09 प्रकरणों में 10 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। शेष मामलों में आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों में बंधन बैंक के एजेंट करण जाटवर और अजय यादव, एचडीएफसी बैंक के एजेंट गौतम उपाध्याय, पवन दुबे और अरुण लकड़ा, एलएंडटी माइक्रोफाइनेंस के एजेंट अभिषेक यादव, पुष्पेंद्र खरवार, सोनू खान, रमेश साहू और देव टंडन है।

जगदलपुर विस के बीजापुट पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव

■ ग्रामीणों की सुनी समस्याएं होगा जल्द समाधानः किरण देव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 12 अप्रैल। विधानसभा क्षेत्र के नगरनार मंडल के बीजापुट में कोदई माता मंदिर की पूजा एवं नगरनार के वार्षिक मेला (मंडई) में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव पहुंचे। उपनपाल के बीजापुट में कोदई माता मंदिर पहुंच विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश व बस्तर की सुख समृद्धि की माता से कामना किया। क्षेत्रीय विधायक श्री किरण देव के बीजापुट पहुंचने पर क्षेत्र की जनता ने भव्य आतिशबाजी व पारंपरिक रूप से स्वागत व अभिनंदन किया । वहीं बीजापुट में देवतुल्य जनता से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं व बातों को सुनकर उसका समाधान किया। साथ ही क्षेत्रीय विधायक श्री किरण देव के समक्ष जनमानस ने कोदई माता मंदिर के विकास , सड़क एवं गांव के विकास के संबंध में मांग रखी । जिसपर विधायक श्री किरण देव ने सभी विषयों को गंभीरता से लेते हुए गांव के विकास के सभी कार्यो को जल्द पूरा करने की बात कही। कोदई माता मंदिर का भी विकास होगा। सभी गांवों का चौमुखी विकास होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में लगातार विकास होगा। जिससे ग्रामवासियों में हर्ष व्याप्त है। उसके पश्चात प्रतिवर्ष नगरनार में वार्षिक मेला का आयोजन होता है जिसमें क्षेत्रीय विधायक श्री किरण देव के पहुंच माता मंदिर पहुंच पूजा अर्चना करते सभी के सुख समृद्धि की माता से कामना किया।

पांच करोड़ से अधिक की लागत से नहर नाली निर्माण में भ्रष्टाचार

■ सिंचाई विभाग के अधिकारी और ठेकेदार के बीच गठजोड़ का है परिणाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नगरी, 12 अप्रैल। धमतरी जिले के नगरी ब्लाक में करोड़ों की लागत राशि से बनाए जा रहे नहर नाली के जीर्णोद्धार निर्माण कार्य में गुणवत्ता हीन कार्य कर भ्रष्टाचार करने का मामला सामने आया है। सिंचाई विभाग की देखरेख में बन रही इस नहरनाली निर्माण में मानकों की पूरी तरह से अनदेखी की गई है। ठेकेदार मनमाने तरीके से काम कर रहा है, और विभाग के जिम्मेदार अधिकारी आंखे बंद कर बैठे हैं और इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उच्च अधिकारियों की उदासीनता से ठेकेदार को खुली छूट मिल गई है, जिसके चलते यह निर्माण कार्य पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता दिख रहा है। बता दें कि सोंढूर जलाशय परियोजना के अंतर्गत मुख्य नहर से सिहावा वितरक शाखा नहर आर.डी. के अंतर्गत 0.से 22 किलोमीटर तक ड्रेनेज साइफन का पूर्ण निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसकी लागत राशि 5 करोड़ 28 लाख रुपए है। सिंचाई विभाग के देखरेख में करोड़ों की लागत से बन रही नाली निर्माण में भारी भ्रष्टाचार और लापरवाही देखने को मिल रही है।

हितवार ग्रामीणों ने पेयजल समस्या से जिपं अध्यक्ष नंदलाल मुंडामी को कराया अवगत, समाधान की दिशा में उठे ठोस कदम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा,12 अप्रैल। दन्तेवाड़ा जिले के ग्राम पंचायत हितवार के गप्पीपारा में लंबे समय से चल रही पेयजल संकट की समस्या ने ग्रामीणों को परेशान कर रखा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुंडामी को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुंडामी के साथ युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित भदोरिया और ग्राम पंचायत हितवार के उप सरपंच राजीव चौहान भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का प्राकृतिक जलस्रोत कुंआ काफी समय से उपेक्षित है, जिससे पानी की गुणवत्ता और उपलब्धता दोनों प्रभावित हो रही हैं। नंदलाल मुंडामी ने अधिकारियों से चर्चा कर न केवल कुआ की मरम्मत कराने की बात कही, बल्कि बोर खुदाई कराकर स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को पीने योग्य स्वच्छ जल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। सुमित भदोरिया ने भी आश्वासन दिया कि युवा मोर्चा और प्रशासनिक स्तर पर हर संभव सहयोग किया जाएगा। उप सरपंच राजीव चौहान ने पंचायत की ओर से भी पूरा सहयोग देने की बात कही। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों की इस तत्परता और जिम्मेदारी के लिए आभार जताया और उम्मीद जताई कि जल्द ही पेयजल संकट का समाधान होगा। यह पहल हितवार गप्पीपारा के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी एक सकारात्मक संकेत है।

ग्रामसभा का आयोजन 14 से 20 अप्रैल तक तैयारियां करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

कांकेर, 12 अप्रैल। कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा उनके आश्रित ग्रामों में 14 से 20 अप्रैल 2025 तक ग्राम सभा आयोजन हेतु निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्राम सभाओं का आयोजन अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर तथा समय-सारणी बनाकर तिथि निर्धारित करें ताकि एक ही तिथि को ग्राम पंचायत के एक से अधिक ग्राम में उसी तिथि में ग्रामसभा का आयोजन न हो। इस प्रकार की व्यवस्था से सरपंच, सचिव सभी ग्रामसभाओं में अपनी उपस्थिति दे सकेंगे एवं ग्रामसभा का आयोजन सही ढंग से हो सकेगा। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा कर मुनादी कराएं। साथ ही ग्रामसभा की कार्यवाही सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के बाद लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकार्डिंग कर वीडियो को ''ग्रामसभा निर्णय'' (GS NIRNAY) मोबाईल एप में अपलोड कर ग्रामसभा के गतिविधियों को वाइब्रेंट ग्रामसभा पोर्टल https://meetingonline.gov.in एवं जीपीडीपी पोर्टल में शत-प्रतिशत अपलोड कराकर निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन जिला कार्यालय को 23 अप्रैल 2025 तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

सुकमा बिजली विभाग में संविदा ऑपरेटरों को वेतन नहीं, सेवाएं बाधित होने की कगार पर

सुकमा, 12 अप्रैल। सुकमा जिले में बिजली सेवा से जुड़े संविदा ऑपरेटरों को पिछले तीन महीने का वेतन अब तक नहीं मिला है, और अप्रैल का महीना आधा बीत चुका है, फिर भी चौथे महीने का वेतन मिलने में कोई स्पष्टता नहीं है। यह स्थिति सभी ऑपरेटरों को गंभीर आर्थिक संकट में डाल चुकी है, और सेवाओं में रुकावट की संभावना बढ़ रही है। सुकमा जिला के समस्त विद्युत ऑपरेटरों ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता को एक पत्र सौंपते हुए अपनी आपत्ति दर्ज की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि त्योहारों और अन्य पारिवारिक जरूरतों के बावजूद वेतन न मिलने से ऑपरेटरों की स्थिति बहुत ही दयनीय हो चुकी है। इस मुद्दे को 18 मार्च 2025 को भी उठाया गया था, लेकिन आज तक इसका कोई हल नहीं निकला। ऑपरेटरों ने चेतावनी दी है कि यदि 14 अप्रैल 2025 तक वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है, तो वे 15 अप्रैल से काम पर नहीं आएंगे। उनका कहना है कि विभाग को इस स्थिति की पूरी जिम्मेदारी लेनी होगी और यदि कार्य ठप होता है, तो जनता को बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा। अगर यह समस्या शीघ्र हल नहीं होती है, तो सुकमा जिले समेत आस-पास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इसका असर अस्पतालों, स्कूलों, सरकारी दफ्तरों और आम नागरिकों पर पड़ेगा, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो सकता है। हम प्रशासन से निवेदन करते हैं कि इस गंभीर मसले पर त्वरित कार्रवाई की जाए और संविदा ऑपरेटरों की मांगों पर जल्द समाधान निकाला जाए, ताकि जनता को निरंतर बिजली सेवा मिल सके और कर्मचारियों को उनका हक मिल सके।

आलू-प्याज व्यापारी के साथ मारपीट करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

राजनांदगांव, 12 अप्रैल। प्रार्थी/आहत करण कुमार तेजवानी पिता अशोक कुमार तेजवानी उम्र 37 वर्ष निवासी माता मंदिर के सामने सिंधी कालोनी लालबाग राजनांदगांव थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव (छ.ग.) के द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि घटना दिनांक 10.04.2025 को करीब 12.30 बजे मैं अपनी दुकान ईमाम चौक राजनांदगांव में था तभी मेरे दुकान के सामने अनुज नाम का लड़का अपना छोटा हाथी वाहन को खड़ी करके कहीं चला गया था, जब अनुज वापस आया तो में अनुज को बोला कि मेरे दुकान के सामने अपनी गाडी हटा दो मेरे दुकान से माल भरने वाली गाड़ी लगने वाली है और बोलकर मैं अपने दुकान में आकर बैठ गया। इतने में अनुज अपने तीन साथियों के साथ डंडा लेकर मेरे दुकान में घुसकर मुझे मां बहन की अश्लील गाली गलौच करते हुये जान से मारने की धमकी देकर डंडा, हाथ मुक्के व लात से मारपीट करने लगे, दुकान में रखे प्लास्टिक की कुर्सी में भी मेरे को मारपीट करने से मेरे सिर, छाती, पीठ, ललाट, दाहिने कंधा में चोट आई है. सिर से खून निकलना बताया। कि रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 163/2025 धारा 296, 115(2), 351(2), 333, 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कायमी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

अवैध शराब परिवहन पर पुलिस चौकी तुमडीबोड़ ने की कार्रवाई

राजनांदगांव, 12 अप्रैल। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग सर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा सर तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक सर के मार्ग दर्शन में कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु गुण्डा बदमाशों एवं अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री करने वालों पर पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 10/04/2025 को ग्राम भ्रमण एवं पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर से सुचना मिला कि एक व्यक्ति सिल्वर रंग के एक्टीवा स्कुटी में अवैध रूप से शराब रखकर ग्राम सुखरी से दिवानभेडी की ओर आ रहा है कि सुचना पर ग्राम दीवानभेडी के हनुमान मंदिर मोड के पास पहुंचकर घेराबंदी कर ग्राम सुखरी की ओर से एक सिल्वर रंग के एक्टीवा वाहन क्र.ष्ट्त 08/ह 3055 को रोककर आरोपी गजेन्द्र वर्मा पिता चौतराम वर्मा उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम तेलीटोला (टप्पा) पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया जिला राजनांदगांव को अभिरक्षा में लेकर गवाहों की उपस्थिति में पूछताछ कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से एक सिल्वर रंग के एक्टीवा स्कुटी के पैरदानी में रखे दो प्लास्टिक बोरी में से एक सफेद रंग प्लास्टिक बोरी में 150 पौवा देशी प्लेन शराब शोले ब्राण्ड छ.ग. निर्मित 27000 मिली लीटर कीमती 12000/रू. एवं दूसरे पीले रंग के प्लास्टिक बोरी में 50 पौवा देशी प्लेन शराब शोले ब्राण्ड छ.ग. निर्मित कुल 9000 मिली लीटर कीमती 4000/रूपये कुल जुमला 36000 मिली लीटर कीमती 16000/रूपये पाये जाने पर आरोपी से शराब के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने नोटिस देकर मांग करने पर आरोपी द्वारा वैध कागजात नही होना नोटिस में लेख किया गया। जिस पर आरोपी के कब्जे से 200 पौवा देशी प्लेन शराब शोले ब्राण्ड छ.ग. निर्मित कुल 36000 मिली लीटर कीमती 16000/रूपये एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त एक सिल्वर रंग की एक्टीवा स्कुटी क्र. ष्ट्त 08/ह 3055 कीमती करीब 30000/रु. कुल जुमला 46000/रु. को गवाहो के समक्ष जप्त किया गया एवं आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2)आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबंद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांण्ड पर जेल निरूद्ध किया गया।

एक नजर

रायगढ़ में 169 पटवारियों का हुआ एक साथ ट्रांसफर

रायगढ़, 12 अप्रैल। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर रायगढ़ में पटवारियों के बड़े पैमाने पर तबादले किए गए हैं। सभी एसडीएम ने अपने तहसीलों में पटवारियों के प्रभार में फेर बदल किया है। 9 अप्रैल को यह स्थानांतरण आदेश जारी कर सभी स्थानांतरित पटवारियों को रिलीव कर सभी को 11 अप्रैल को अपने नए प्रभार में ज्वाइनिंग के निर्देश दिए गए हैं। इस फेरबदल में सबसे अधिक 70 पटवारियों का ट्रांसफर रायगढ़ अनुभाग अंतर्गत किया गया है। वहीं खरसिया में 24, लैलूंगा में 25, धरमजयगढ़ में 14 और घरघोड़ा में 36 पटवारियों का ट्रांसफर किया गया है। इस संबंध में भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला रायगढ़ में राजस्व प्रशासन के उत्कृष्ठ संचालन तथा प्रशासनिक काम-काज की बेहतरी की अवधारणा को दृष्टिगत रखते हुये राजस्व प्रशासन में पटवारियों के व्यापक स्तर पर स्थानांतरण किये गये हैं। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 169 पटवारियों को उनके पदस्थापना स्थल वाली तहसील से भिन्न तहसीलों तथा पटवारी हल्कों में पदस्थापित किया गया है। जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रायगढ़ द्वारा 70 पटवारियों को, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खरसिया द्वारा 24 पटवारियों को, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लैलूंगा द्वारा 25 पटवारियों को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धरमजयगढ़ द्वारा 14 पटवारियों को एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) घरघोड़ा द्वारा 36 पटवारियों को दिनांक 09 अप्रैल 2025 को उनके वर्तमान कार्य स्थल से हटाकर नवीन कार्य स्थल पर कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है। समस्त पटवारियों को अपने नवीन कार्य स्थल पर 11 अप्रैल 2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर कार्य प्रभार ग्रहण करने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। उपरोक्त स्थानांतरण से जिले के राजस्व प्रशासन में एक नवीन गतिशीलता स्थापित होगी तथा लोक हित के कार्य और अधिक प्रभावी तथा कुशलतापूर्ण ढंग से संपादित किये जा सकेंगे।

वाटरशेड यात्रा से गांव-गांव तक पहुंचा जल संरक्षण का संदेश

रायगढ़, 12 अप्रैल। जिला रायगढ़ के विकासखण्ड में संचालित परियोजना डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाय 2.0/1 के ग्राम टेरम में आयोजित वाटरशेड यात्रा आउटरिच अभियान में जलग्रहण समिति के अध्यक्ष, परियोजना अधिकारी एवं डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाय 2.0 के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रभात फेरी, जल-शपथ, पानी की पाठशाला, श्रम दान के अतिरिक्त पौधरोपण, के.व्ही.के.के वैज्ञानिक द्वारा मृदा एवं जल संरक्षण हेतु जानकारी दी गई। जनप्रतिनिधि (सरपंच, जनपद सदस्य)द्वारा जल ग्रहण के महत्व के बारे में वक्तव्य दिया गया एवं ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर फसल चक्र, परिवर्तन करने पर बल दिया गया एवं शपथ लिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तौर पर रंगोली प्रतियोगिता, कविता पाठ और समूह नृत्य प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस प्रकार रायगढ़ जिले में छत्तीसगढ़ राज्य के वाटरशेड यात्रा आउटरिच अभियान का समापन किया गया।

पोषण ट्रैकर एप एवं पखवाड़ा की एण्ट्री में लापरवाही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कटा एक दिन का मानदेय

रायगढ़, 12 अप्रैल। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन की नियमित मॉनिटरिंग पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से की जा रही है। जिससे बच्चों की उपस्थिति, नाश्ता व भोजन वितरण की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। इस प्रणाली की नियमित समीक्षा विभाग द्वारा की जा रही है।इसी क्रम में 2 अप्रैल 2025 को जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र रेगडा-1, रेगडा-3 की कार्यकर्ता श्रीमती वृन्दावती पोबिया, श्रीमती सुरूचि भगत को कार्य में लापरवाही के कारण नोटिस जारी किया जाकर जवाब मांगा गया था। इस हेतु श्रीमती वृन्दावती पोबिया, श्रीमती सुरूचि भगत जवाब देने के लिए जिला कार्यालय में उपस्थित हुई, जिस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पूछा गया कि पोषण ट्रेकर एप में आज की उपस्थिति कहां है तथा पोषण पखवाड़ा के दौरान आज की गतिविधियों की एण्ट्री की क्या स्थिति है, जिस पर कार्यकर्ताओं द्वारा अंसतुष्टी पूर्ण जवाब दिया गया। मोबाईल चेक करने पर झूठ साबित हुआ। जिस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए श्रीमती वृन्दावती पोबिया, श्रीमती सुरूचि भगत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का आज एक दिन का मानदेय काटने का आदेश जारी किया गया। जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि पोषण ट्रेकर ऐप के माध्यम से निगरानी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी और आगे भी आवश्यकता सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गुमशुदा जलधर प्रधान की तलाश जारी

रायगढ़, 12 अप्रैल। रायगढ़ के जूटमिल थाना क्षेत्र में जलधर नामक व्यक्ति के लापता होने का मामला सामने आया है। जलधर प्रधान, जो 42 वर्षीय हैं और ननसियां जूटमिल रायगढ़ के निवासी हैं, 3 जनवरी 2018 को घर से बिना बताए कहीं चले गए थे। उनकी पत्नी बोट कुमारी ने 6 जनवरी 2018 को जूटमिल थाने में गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस थाना प्रभारी जूटमिल, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना जूटमिल रायगढ़ प्रार्थिया बोट कुमारी पति जलंधर प्रधान उम्र 35 वर्ष साकिन ननसियां जूटमिल रायगढ़ द्वारा 6 जनवरी 2018 को थाना उपस्थित आकर गुम इंसान की जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसका पति जलधर प्रधान पिता जोतराम प्रधान उम्र 42 वर्ष साकिन ननसियां जूटमिल रायगढ़ से 3 जनवरी 2018 के दिन 100 बजे घर से बिना बताये कही चला गया है। आसपास व रिश्तेदारो में पता साजी किया गया कही पता नही चलने पर गुम इंसान क्र. 03/2018 दिनांक 6.01.2018 को प्रार्थिया के सूचना पर गुम इंसान कायम कर पतासाजी किया जा रहा हैं।

हड़ताल पर डटे पंचायत सचिवों के साथ विधायक विक्रम मंडावी, बोले:मांगें जायज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर,12 अप्रैल। शुक्रवार को बीजापुर के विधायक एवं कांग्रेस नेता विक्रम मंडावी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों के बीच पहुंचे और हड़ताली पंचायत सचिवों को उनके मांगों को जायज बताते हुए भाजपा सरकार से पंचायत सचिवों की मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की है। इस संबंध में हड़ताली पंचायत सचिवों की मांगों का समर्थन करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने हड़ताली पंचायत सचिवों को अपना समर्थन पत्र सौंपा है तथा मांगों को जल्द पूरा करने की मांग करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र भी लिखा है।

विधायक विक्रम मंडावी ने बीजापुर और भैरमगढ़ के हड़ताली पंचायत सचिवों के बीच पहुंचकर भाजपा सरकार के 2023 के चुनावी वादे को याद दिलाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने 2023 के विधान सभा चुनावों में अपने चुनावी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में सौ दिनों में वादों को पूरा करते हुए पंचायत सचिवों की मांगों को पूरा करने का वादा किया था लेकिन भाजपा सरकार को बने हुए डेढ़ साल बीतने को है लेकिन भाजपा सरकार ने आज तक न तो सचिवों की मांग के अनुरूप नियमितीकरण करने का काम किया है और न ही भाजपा सरकार में पंचायत सचिवों की कोई सुनवाई हो रही है। विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि भाजपा ने 'मोदी की गारंटी' के वादे सौ दिनों में पूरे नहीं कर पंचायत सचिवों को ठगने का काम किया है। आज प्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार अपने ही चुनावी वादे ÷मोदी की गारंटी÷ से भाग रही है। पंचायत सचिवों ने विधायक विक्रम मंडावी को एक मांग पत्र भी सौंपा है और सरकार से मांगों को जल्द पूरा करवाने की मांग की है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के महामंत्री सुखदेव नाग सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भोपालपटनम ब्लॉक के बामनपुर पंचायत में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भोपालपटनम, 12 अप्रैल। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश में भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम पंचायत बामनपुर में शुक्रवार को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए।

शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता कुड़ेम, उपाध्यक्ष श्री नीलम गणपत एवं उपस्थित नजप्रतिनिधियों के द्वारा चिन्हांकित दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं बैटरी चलित ट्रायसायकल सहित विभिन्न सहायक उपकरण आवश्यकतानुसार वितरण किया गया जिसमें 33 दिव्यांगजन प्रमाण पत्र से लाभान्वित हुए वहीं 27 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय किया गया।

ट्रायसायकल पाकर दिव्यांगजन युवाओं ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से ट्रायसायकल मिला जिसमें अब आवागमन में सुविधा होगी, दैनिक कार्यो में सुगमता आएगी। दिव्यांगजनों को सहानुभूतिपूर्वक सहायक उपकरण प्रदान कर समाज के मुख्यधारा में जोड़ने के इस पहल के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किए।वहीं शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आधार, आयुष्मान, पेंशन योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवाय योजना सहित विभिन्न विभागों के विभागीय अमला उपस्थित थे ग्रामीणों को शासन की योजनाओं के बारे में सरलतापूर्वक जानकारी दी और योजनाओं से लाभान्वित होने आवश्यकता और सहयोग भी किया। उक्त शिविर में बामनपुर, अटुकपल्ली, अर्जुनल्ली, रूद्रारम सहित आस-पास गांवो के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उक्त जानकारी सीईओ जनपद पंचायत भोपालपटनम एवं डिप्टी कलेक्टर श्री दिलीप उईके ने दी है।

रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में होंठ के कैंसर का हुआ सफल इलाज

रायगढ़, 12 अप्रैल। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय राज्य के विकास के लिए कृतसंकल्पित हैं। तरक्की और सुशासन का ये सफर स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के रूप में भी नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और नई सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दिया है।

इसी दिशा में स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ लगातार अपनी सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रयासरत् है और मरीज के बेहतर इलाज के लिए प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में कान, नाक, गला विभाग द्वारा सुमित्रा महंत का सफल ऑपरेशन अधिष्ठाता डॉ.विनीत जैन एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ.मनोज कुमार मिंज के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक किया गया।

सुशासन तिहार-2025: जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के समाधान पेटी में 42 हजार से अधिक आवेदन हुए प्राप्त

रायगढ़, 12 अप्रैल। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर जनसामान्य की समस्याओं के निदान और उनसे रूबरू मुलाकात के लिए सुशासन तिहार के तहत प्रथम चरण में गांव से लेकर शहर में समाधान पेटी के माध्यम से 11 अप्रैल तक आवेदन लिए गए। आवेदन प्राप्त करने के प्रथम चरण में 11 अप्रैल को दोपहर 12 बजे तक की स्थिति में रायगढ़ जिले के 7 जनपद पंचायतों के ग्रामों से समाधान पेटी में कुल 42 हजार 903 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें मांग के 42 हजार 627, शिकायत के 276 आवेदन मिले।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा सुशासन एवं पारदर्शिता के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सुशासन तिहार-2025 का आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल है। सुशासन तिहार-2025 के तहत सभी प्राप्त आवेदनों की सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि कर संबंधित विभागों को सौंपा जाएगा और एक माह के भीतर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं का प्रभावी एवं त्वरित समाधान, शासकीय कार्यों में पारदर्शिता और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में जिले की 8 से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य समाधान शिविर आयोजित होंगे। नगरीय निकायों में भी आवश्यकतानुसार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में आमजन को उनके आवेदन की स्थिति से अवगत कराया जाएगा तथा यथासंभव आवेदन का त्वरित निराकरण भी वहीं किया जाएगा। शेष समस्याओं का निराकरण एक माह के भीतर कर सूचना दी जाएगी।समाधान शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अभियान में सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारी स्वयं शिविरों में उपस्थित रहकर आमजन से संवाद करेंगे और विकास कार्यों व योजनाओं से मिल रहे लाभ का फीडबैक लेंगे। साथ ही औचक निरीक्षण के माध्यम से चल रहे निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति और गुणवत्ता का भी मूल्यांकन किया जाएगा।

खरसिया में प्राप्त हुए सबसे अधिक आवेदन

सुशासन तिहार-2025 के पहले चरण में 11 अप्रैल को दोपहर 12 बजे तक की स्थिति में रायगढ़ ग्रामीण के 7 जनपद पंचायतों में कुल 42 हजार 903 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें मांग के 42 हजार 627, शिकायत के 276 आवेदन मिले। जिसमें जनपद पंचायत धरमजयगढ़ में 7854 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 7823 मांग एवं 31 शिकायत के आवेदन शामिल है। इसी तरह जनपद पंचायत घरघोड़ा में 3053 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 3026 मांग एवं 27 शिकायत के आवेदन शामिल है। जनपद पंचायत खरसिया में 9827 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 9786 मांग एवं 41 शिकायत के आवेदन शामिल है। जनपद पंचायत लैलूंगा में 3094 आवेदन प्राप्त हुए।

महावीर जयंती पर जैन समाज ने तपती दोपहरी में लोगों को पिलाई शरबत

बीजापुर, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। गुरुवार को महावीर जयंती के अवसर पर जैन.समाज की ओर से तहसील चौक पर भरी दोपहरी मे आम लोगों को शरबत पिलाई ऐसे समय मे जब लोग गर्मी से परेशान थे उनके लिए यह बहुत ही राहत.देने की बात थी समाज की ओर से की गई इस आयोजन से नगर मे. सदभाव और.सोहार्द का वातावरण. बना है जैन समाज के इस आयोजन की जमकर प्रंशसा हो रही है बीजापुर नगर का यह इतिहास रहा है कि यहां हर धर्म जाति के लोग एक दूसरे के पर्व मे बढचढकर हिस्सा लेते है और भाईचारे के साथ पर्व मनाते है इस तरह का यह आयोजन बीजापुर के.लिए गौरव की बात है ऐसे सदभावना का माहौल हर जगह देखने को.नहीं मिलता महावीर जयंती के इस कार्य क्रम मे समाज के सभी लोगों ने मिलजुल कर अपनी भागीदारी निभाई और आयोजन को सफल बनाया।

प्रयास विद्यालय में कक्षा 9वीं हेतु प्रवेश पत्र जारी

बीजापुर, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालयों के शिक्षा सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्राक्कयन परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-Admission-Detail पर क्लिक करके 20 अप्रैल 2025 तक डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा केन्द्र में 20 अप्रैल 2025 प्रातः 09 बजे उपस्थिति अनिवार्य है। वहीं कक्ष परीविक्षक द्वारा 9:30 से 10:00 बजे तक परीक्षार्थी के ओएमआर सीट भराया जाएगा एवं परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

विद्यार्थीयो हेतु अनिवार्य निर्देशः- परीक्षा दिवस को परीक्षार्थी लगभग 01 घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहे, जिसमें उनके मूल पहचान से उनका पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केन्द्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके। परीक्षार्थी सम्पूर्ण प्रवेश पत्र पूर्णतः डाउनलोड करें और नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार के दो फोटो सहित प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में जाये। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभांति परिचित हो जाए। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को अपना फोटायुक्त मूल आईडी प्रूफ जैसे आधार कार्ड, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र इत्यादि परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी केवल नीले, काले बॉलपाईट पेन का उपयोग करेंगे।परीक्षार्थियों को कैलकुलेटर, मोबाईल फोन, पर्स, पाउच, स्कार्फ अथवा इलेक्ट्रॉनिक्स सामग्री परीक्षा केन्द्र में ले जाना पूर्णतः वर्जित है। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र अथवा प्रवेश पत्र डाउनलोड के संबंध में कठिनाई होती है तो संबंधित जिले के कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा कलेक्ट्रट से प्रातः 10 से सायं 5:30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह अनिवार्य

बीजापुर 12 अप्रैल । परिवहन आयुक्त कार्यालय नवा रायपुर (छ0ग0) द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक वाहन पर हाई सेक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह 19 मार्च 2024 तक अनिवार्यतः लगाने हेतु कार्यालयीन आदेश जारी किया गया था। उपरोक्त संदर्भित पत्र में हाई सेक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाने हेतु समय में वृद्धि करते हुए 03 अप्रैल 2025 तक एचएसआरपी लगाने हेतु अतिरिक्त समय प्रदान किया गया था । उक्त दर्शित अतिरिक्त समयावधि के उपरांत बिना एचएसआरपी वाले वाहनों पर केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 39, 41, 192 केन्द्रीय मोटरयान नियम 50, 51 के तहत चालानी कार्यवाही की जावेगी।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 7वीं एवं 9वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

बीजापुर 12 अप्रैल । जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 7वीं एवं 9वीं में रिक्त सीटों की पूर्ति लेटरल एंट्री के माध्यम से किया जाना है। इस हेतु संबंधित संस्था से आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए 09 अप्रैल 2025 से 23 अप्रैल 2025 तक, संस्था में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2025, प्रवेश परीक्षा 01 मई 2025 तथा परीक्षा परिणाम घोषणा 05 मई 2025 एवं प्रवेश की अंतिम तिथि 08 मई 2025 को आयोजित किया जाएगा।

महुआ बीनने गये युवक को बाघ ने झपटा

बीजापुर 12 अप्रैल । बीजापुर जिले के ग्राम कांदुलनार निवासी पर बाघ ने हमला कर दिया है।

मौके पर 30 वर्षीय युवक सेपा कन्ना की हुई मौत। काँदुलनार इंद्रावती क्षेत्र का मामला परिक्षेत्र अधिकारी ने कहा कि हमारे बीट गार्ड के द्वारा जानकारी मिली है,मौके के लिए टीम को रवाना किया गया है।जाँच के बाद स्पष्ट हो पायेगा कि किस जानवर ने हमला किया है।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से अब उपभोक्ता बन रहे बिजली उत्पादक

रायगढ़, 12 अप्रैल। अब बिजली उपभोक्ता अपने घर की छतों से बिजली बनाकर उसे बेच सकेंगे। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के माध्यम से यह संभव होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य हर महीने 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त करना है। इस योजना के तहत, सरकार सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में सब्सिडी जमा करेगी। साथ ही, उन्हें सस्ती दरों पर बैंक लोन भी मिलेगा। इस योजना से लोगों के बिजली के बिल कम होंगे और उनकी बचत बढ़ेगी। यह स्थायी ऊर्जा समाधान और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में पीएम सूर्यघर योजना को व्यापक स्तर पर लागू करने के निर्देश दिए है।

इस योजना से जुड़कर लाभार्थी अपने घर की छतों पर सोलर सिस्टम लगाकर बिजली उत्पादन कर सकेंगे। उनका यह सिस्टम बिजली विभाग की ग्रिड से जुड़ा होगा। उत्पादित बिजली से खपत के बाद जो बिजली बचेगी वह ग्रिड में ट्रांसफर हो जाएगी। जो बिजली बिल में समायोजित हो जाएगी। इससे उतनी राशि बिजली बिल से घट जाएगी और उपभोक्ता को सीधे आर्थिक बचत के रूप में लाभ मिलेगा। इस योजना से हितग्राही सिर्फ बिजली के उपभोक्ता ही नहीं बल्कि उसके उत्पादक भी हो जाएंगे। योजना का लाभ लेने के लिए अपने नजदीक के बिजली ऑफिस में संपर्क किया जा सकता है।

पहले महीने दो हजार से अधिक का बिजली बिल हुआ 10 रूपये, दूसरे महीने 93 यूनिट दिया बिजली विभाग को, बिल आया माइनस में श्री जय नारायण चौधरी रायगढ़ जिले में कोड़ातराई को सोलर विलेज के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां के निवासी हैं श्री जय नारायण चौधरी। उन्होंने जनवरी माह में अपने घर पर 3 किलो वाट का सोलर सिस्टम लगवाया है। इसमें उन्हें 1.90 लाख का खर्च आया। जिसमें से 78 हजार रुपए शासन से सब्सिडी मिली, जो कि 15 दिनों में ही खाते में आ गई। उन्होंने बताया कि पहले उनका औसतन बिल 2 से 2.5 हजार रुपए हर माह आता था। सिस्टम लगाने के बाद पहले महीने उनका बिल सिर्फ 10 रुपए आया। वहीं दूसरे महीने फरवरी में उनके सोलर सिस्टम से करीब 325 यूनिट बिजली पैदा हुई, जिसमें से उनकी खपत 232 यूनिट रही। सोलर सिस्टम से उत्पादित शेष 93 यूनिट बिजली विभाग के ग्रिड में चला गया और उनका बिजली का बिल माइनस में आया, क्योंकि उनकी जितनी खपत थी उतनी बिजली सोलर सिस्टम से ही पैदा कर दी और जो अतिरिक्त बिजली का उत्पादन हुआ उसे विभाग को दे दिया। इसका अर्थ यह है कि मार्च में सोलर सिस्टम से बनने वाली बिजली के साथ पूर्व में उत्पादित और बिजली विभाग के ग्रिड में स्टोर्ड 93 यूनिट बिजली उनके लिए अतिरिक्त मुफ्त होगी। इस प्रकार से सोलर सिस्टम वाले उपभोक्ता का खपत यूनिट और उत्पादित यूनिट का आपस में समायोजन ऑटोमैटिक होता है। जो बिजली उपभोक्ता बिजली विभाग के ग्रिड में ट्रांसफर करते हैं वे उसका उपयोग बाद में अपनी जरूरत के अनुसार मुफ्त में कर सकेंगे।

ऐसे ले सकते हैं मुफ्त बिजली

यदि घरेलू उपभोक्ता का प्रतिमाह औसत खपत 300 यूनिट है तब उर्जा प्रभार, नियत प्रभार, ड्यूटी, सेस तथा वी सी ए, सब मिलाकर कुल 2160 रू प्रतिमाह बिजली बिल बनता है अर्थात एक वर्ष का कूल औसत खपत 3600 यूनिट मान कर चले तो एक वर्ष का कुल बिजली बिल 25,920 रू के लगभग आयेगा। परन्तु यदि उपभोक्ता ने 3 किलो व्हाट का सोलर सिस्टम स्थापित कर लिया तो प्रति किलोवॉट, प्रतिदिन औसत 4 यूनिट उत्पादन के आधार पर सोलर सिस्टम से 3 किलोवॉट की क्षमता पर प्रतिदिन 12 यूनिट के आधार पर प्रतिमाह 360 यूनिट उत्पादन होगी। बारिश के मौसम में थोड़े कम उत्पादन को समायोजित करते हुए औसत उत्पादन को न्यूनतम मान कर 300 यूनिट प्रतिमाह मानते हैं तो एक वर्ष का उत्पादन 3600 यूनिट हो जाएगा। जिसमें दिन भर में उपभोक्ता के खपत के अतिरिक्त यूनिट सीधा आटोमेटिक बिजली विभाग के ग्रिड में एक्सपोर्ट हो जाएगा तथा रात में उसके द्वारा की जाने वाली खपत पर आटोमेटिक समायोजन हो जाएगा। अर्थात एक वर्ष के आपके खपत को बढ़ते क्रम में तथा प्रतिवर्ष बिजली बिल की बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए आपके खपत यूनिट 3600 को आपके उत्पादन यूनिट 3600 को बराबर मान लिया जाये तो आपकी वार्षिक बिजली बिल की लागत राशि 25,920 रू लगभग शून्य हो जाएगी। यदि खपत 300 यूनिट से अधिक है तो भी प्रति माह औसतन 300 यूनिट का उत्पादन कर उतनी बिजली उपभोक्ता मुफ्त में प्राप्त कर सकता है।सोलर सिस्टम की न्यूनतम लाइफ 25 साल, मेंटनेंस में कोई अतिरिक्त खर्च नहीं, सिर्फ हर 15 दिनों में सोलर प्लेट के सफाई की जरूरत उपभोक्ता के वास्तविक लागत 1 लाख 7 हजार रू की वसूली उपरोक्त खपत के आधार पर लगभग 4.5 वर्ष में समायोजित हो जाएगी तथा सोलर सिस्टम के लाईफ सायकल को न्यूनतम 25 साल मानते हुए। 20.5 वर्षों तक आप बिजली बिल की राशि को बचत करते हुए लाभ प्राप्त कर सकते है। सोलर सिस्टम में केवल सोलर प्लेट को 15 दिवस की अन्तराल में साफ करना होता है।

शासन से मिलती है सब्सिडी

प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना में शासन की ओर से सब्सिडी भी प्रदान की जाती है। इसमें 1 किलो व्हाट पर 30 हजार, 2 किलो व्हाट पर 60 हजार, 3 किलो व्हाट पर 78 हजार, 3 किलो व्हाट या उससे अधिक क्षमता पर 78 हजार की सब्सिडी स्थिर रहेगी। योजना का लाभ लेने के लिए बैंक से आसान लोन की सुविधा भी उपलब्ध है। एसबीआई बैंक में 3 किलो व्हाट क्षमता हेतु कुल लागत की 90 प्रतिशत राशि लोन स्वीकृत हो जाएगी। जिस पर वार्षिक 6.75 प्रतिशत का ब्याज दर है। ग्रामीण बैंक में 3 किलो व्हाट क्षमता हेतु कुल लागत की 90 प्रतिशत राशि लोन स्वीकृत जिस पर वार्षिक 8.75 प्रतिशत ब्याज दर है। 3 किलो व्हाट सिंगल फेस सोलर सिस्टम की लागत 1.85 लाख से 2 लाख रूपये है। जिस पर 0.78 लाख की सब्सिडी अर्थात आपको वास्तविक लागत 1.07 लाख रूपये आयेगी। सब्सिडी की राशि कार्य पूर्ण होने के पश्चात् लगभग 15 से 20 दिनों के भीतर सीधे उपभोक्ता के खाते में जमा हो जायेगी।

जिले में नलकूप खनन पर 30 जून तक प्रतिबंध, कलेक्टर ने जारी किए आदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 12 अप्रैल। जिले में आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सोनी ने छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक-3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 11 अप्रैल से 30 जून 2025 तक बलौदाबाजार-भाटापारा जिले को जलभराव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है।उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत जिले में उक्त दर्शित अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं करेगा। शासकीय/ अर्धशासकीय/ नगरीय निकायों को पेयजल हेतु अपने क्षेत्राधिकार सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी, परन्तु वे भी निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे। कोई भी व्यक्ति द्वारा अनुज्ञा के बिना अधिनियम का उल्लंघन करते हुए नलकूप खनन करते पाए जाने पर पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1987 के धारा 3 या 4 के उपबंधों का उल्लंघन पर कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डनीय होगा।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सोनी ने जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 06 के

बलौदाबाजार -भाटापारा जिला जलभराव ग्रस्त क्षेत्र घोषित

अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है जो संबंधित क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय निकाय, तहसीलदार, नायब तहसीलदार से रिपोर्ट प्राप्त कर नियमानुसार अनुमति प्रदान करेंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व अनुविभाग बलौदाबाजार क्षेत्र के तहत आने वाले क्षेत्र हेतु प्राधिकृत अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार, अनुविभाग पलारी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले क्षेत्र हेतु अनुविभागीय (रा.) पलारी, अनुविभाग भाटापारा के तहत आने वाले क्षेत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा, अनुविभाग सिमगा अंतर्गत आने वाले क्षेत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी(रा.) सिमगा, अनुविभाग कसडोल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) कसडोल एवं अनुविभाग गिरौद के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) गिरौद को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। समस्त प्राधिकृत अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियमों में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नलकूप खनन आवश्यक होने पर अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही करेंगे।

बोरवेल खनन अथवा बोरवेल मरम्मत का कार्य पंजीकृत बोरवेल एजेंसी द्वारा ही किया जायेगा। किसी भी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा उक्त अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन करते पाए जाने पर उसके विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

समाचार संक्षेप

सुशासन तिहार में पूर्व विधायक लेखराम साहू ने त्रुटि सुधार के लगाए आवेदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 12 अप्रैल। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है और सुशासन तिहार में लोगों की समस्याओं व सुझाव के लिए 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक चौपाल लगाया गया।

सुशासन तिहार के तहत आवेदन लगाए जाने की आखिरी दिन 11 अप्रैल शुक्रवार को कुरुद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने नगर पंचायत भखारा के द्वारा लगाए चौपाल में पहुंचकर अपने कृषि भूमि की त्रुटि सुधार हेतु आवेदन दिया। पूर्व विधायक लेखराम साहू ने चौपाल में लगाये आवेदन में जिक्र किया है कि ग्राम-भठेली में स्तिथ उनकी कृषि भूमि खसरा क्रमांक-485 पूर्व में इनकी खसरा क्रमांक-355, रकबा 14 डिसमिल था जबकि बंदोबस्त में त्रुटिवश खसरा क्रमांक- 485 का रकबा को 14 डिसमिल के स्थान पर 2 आर.ए 5 डिसमिल कर दिया गया है जिसे सुधारकर पुराने रिकार्ड के अनुसार से 14 डिसमिल करने के लिए आवेदन लगाया है।नगर पंचायत भखारा के द्वारा लगाए गए चौपाल में पार्षद मेघनाथ साहू एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

जिला सतनामी समाज की बैठक 13 को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 12 अप्रैल। जिला सतनामी समाज धमतरी का आम बैठक 13 अप्रेल, दिन- रविवार को 12 बजे गुरु बालक दास भवन धमतरी में रखा गया है इस बैठक को समस्त ब्लाक अध्यक्ष, समाज के वरिष्ठजनों के सहमति से रखा गया है उक्त बैठक में आगामी कार्यकाल तक के लिए कार्यवाहक जिला अध्यक्ष का नियुक्ति किया जाएगा जिसमें जिला सतनामी समाज के संचालक मंडल, जिला पदाधिकारी, युवा प्रकोष्ठ, शासकीय अधिकारी कर्मचारी, महिला प्रकोष्ठ एवं सामाजिक जनों के सर्व सहमति से कमान सौंपा जाएगा यह जानकारी जिला सतनामी समाज के मीडिया प्रभारी राजेश रात्रे ने दी है।

एक नजर

सुशासन तिहार : अब तक 98 हजार से अधिक मिले आवेदन

बलौदाबाजार, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण अंतर्गत 8 अप्रैल से शुरू हुए आवेदन प्राप्त करने के दौरान 10 अप्रैल तक जिले में 98896 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 से 10 अप्रैल तक कुल प्राप्त 98896 आवेदनो में से 87093 ग्रामीण एवं 11803 शहरी क्षेत्र के आवेदन हैं जिसमें मांग आधारित 96302 एवं शिकायत से सम्बंधित 2594 आवेदन शामिल हैं। ज्ञातव्य है कि 8 अप्रैल से राज्य व्यापी सुशासन तिहार का आयोजन गांव एवं शहरो में किया जा रहा है। प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी जे माध्यम से ऑफलाईन एवं ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये गए। 12 अप्रैल से प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

सुशासन तिहार में नवजात को मिला अपना जन्म प्रमाण पत्र

बलौदाबाजार, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सुशासन तिहार अंतर्गत आवेदन प्राप्त करने के दौरान एक पिता को अपने नवजात शिशु का जन्म प्रमाण पत्र आसानी से मिल गया। बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम पंचायत परसाडीह निवासी सतीश घृतलहरे हाल ही में पिता बने। उन्होंने अपने नवजात शिशु के जन्म प्रमाण पत्र के लिए नगर पालिका बलौदाबाजार में सुशासन तिहार के अंतर्गत लगे शिविर में आवेदन प्रस्तुत किया। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जनहित में त्वरित समाधान के उद्देश्य को साकार करते हुए नगर पालिका द्वारा उनके आवेदन पर तत्परता से कार्यवाही की गई। मात्र कुछ ही दिनों में सतीश को उनके बच्चे अयांश का अधिकृत जन्म प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया गया। इस त्वरित सेवा से सतीश अत्यंत प्रसन्न हुए और उन्होंने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। सतीश का कहना है कि पहले लोगों को जन्म प्रमाण पत्र के लिए कई चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन सुशासन तिहार में उनकी समस्या का त्वरित समाधान हुआ है।

रिसदा चौक से न्यूविस्टा सीमेंट सयंत्र तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

बलौदाबाजार, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बलौदाबाजार नगर से लगे हुए ग्राम पंचायत रिसदा- सुहेला मुख्य मार्ग में भारी वाहनो के आवाजाही से स्कूली बच्चों एवं जनसुविधाओं व सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने ग्राम रिसदा में रिसदा चौक से न्यूविस्टा सीमेंट सयन्त्र के मुख्य गेट तक भारी वाहनो के आवागमन को सायं 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक एक माह के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। जारी आदेशानुसार ग्राम रिसदा में रिसदा चौक से न्यूविस्टा सीमेंट सयंत्र मुख्य गेट तक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के स्कूल छूटने के समय वाहनों की आवाजाही होने तथा जन सुरक्षा व सुविधा के दृष्टिकोण से मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 एवं सहपठित छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा ग्राम रिसदा में रिसदा चौक से न्यूविस्टा सीमेंट सयंत्र मुख्य गेट तक की सडक पर आने - जाने वाली भारी वाहन, ट्रक, ट्रेलर का प्रवेश सायं 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक 11 अप्रैल 2025 से 10 मई 2025 तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।

आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

बलौदाबाजार, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये के मान से 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 9 एवं 11 अप्रैल 2025 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों मे बृजलाल पिता तुलसीराम सतनामी निवासी ग्राम ठाकुरदिया, तहसील कसडोल, बिसाहिन बाई केंवट पति स्व विवेकराम केंवट, निवासी ग्राम खपरीडीह, तहसील टुण्डरा एवं मणिधर ध्रुव पिता स्व. मदनलाल ध्रुव, निवासी ग्राम कोसमंदा, तहसील पलारी शामिल हैं। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी

बलौदाबाजार, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 11 अप्रैल को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना पलारी के विभिन्न 11 मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु उद्घोषणा आदेश जारी किया गया। उद्घोषणा के अनुसार प्रत्येक प्रकरण के फरार आरोपियों के बारे में जो कोई ऐसी महत्वपूर्ण सूचना देगा या गिरफ्तारी कराएगा या गिरफ्तारी हेतु युक्तियुक्त सूचना देगा, जिससे आरोपियों को विधि पूर्व पताशाजी कर गिरफ्तार किया जा सके, उस व्यक्ति को नाम के सम्मुख दर्शाए गए नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सूचना देने वाले का नाम सर्वथा गोपनीय रखा जाएगा।

कलेक्टर ने जनपद पंचायत सभाकक्ष में ली विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक

विकासखंड में कहीं भी पेयजल समस्या होने पर तत्काल निराकरण करें : चन्द्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डौंडी, 12 अप्रैल। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज जनपद पंचायत सभाकक्ष डौण्डी में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आदिवासी बहुल डौण्डी विकासखण्ड में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने डौण्डी विकासखण्ड के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर आदिवासी बहुल डौण्डी विकासखण्ड के विकास में सहभागी बनने की हिदायत भी दी। इस अवसर पर चन्द्रवाल ने विभागवार शासकीय योजनाओं की क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने मौजूदा ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए आम जनता के लिए समुचित मात्रा में पेयजल एवं निस्तारी हेतु संबंधित विभागों द्वारा पानी की प्रबंध करने हेतु किए गए उपायों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को विकासखण्ड में कही पर भी पेयजल संबंधी समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल उसका निराकरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम नूतन कंवर, तहसीलदार देवेन्द्र नेताम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में चन्द्रवाल ने बारी-बारी से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, उद्यानिकी, खाद्य, पशु पालन आदि सभी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। चन्द्रवाल ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की समीक्षा करते हुए वित्तिय वर्ष 2024-25 में मानव दिवस के लक्ष्य एवं उनके विरूद्ध उपलब्धि के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने अमृत सरोवर के कार्यों की समीक्षा करते हुए अमृत सरोवर के आसपास मिट्टी के कटाव रोकने हेतु वृक्षारोपण कराने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने डौण्डी विकासखण्ड में तरल अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन हेतु किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए महिलाओं एवं आम जनता को अधिक से अधिक रोजगारमूलक कार्यों से जोड़ने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए डौण्डी विकासखण्ड में निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना, राज्य छात्रवृत्ति योजना के अलावा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से स्कूली बच्चों के जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जारी करने के कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने तहसीलदार एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को संयुक्त रूप से शिविर लगाकर शत प्रतिशत बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने डौण्डी विकासखण्ड में एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहिन शालाओं की संबंध में जानकारी ली।

श्री चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को डौण्डी विकासखण्ड में जनता को बेहतर एवं सुगम स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में उन्होंने टीकाकरण के कार्य की समीक्षा करते हुए इस कार्य को शत प्रतिशत पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों की भर्ती, टी.बी. एवं कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में चन्द्रवाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, छ.ग. विद्युत वितरण कंपनी आदि के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए शासकीय योजनाओं का निर्धारित समयावधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने को कहा। जिससे आम जनता को शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।

शराब की अवैध बिक्री करने वाले तीन गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 12 अप्रैल। ऑपरेशन विश्वास के तहत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 11 अप्रैल को थाना सिमगा, भाटापारा ग्रामीण एवं भाटापारा शहर की पुलिस टीमों द्वारा घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 03 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से ?11, 700 कीमत मूल्य का 107 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर, आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम के लिकेश धृतलहरे उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम चोरहा नवागांव थाना सिमगा, हरिचंद देवांगन उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम तरेंगा थाना भाटापारा ग्रामीण , पुरुषोत्तम बांधे उम्र 50 वर्ष निवासी महासती वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर है।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 12 अप्रैल। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा ÷आपरेशन विश्वास÷ के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, चलने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 37 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 11, 100 समन शुल्क वसूला गया है। इस वर्ष 2025 में दोपहिया वाहन में तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाने वाले कुल 2700 प्रकरण में 7, 87, 000 समन शुल्क वसूल किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सखूती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202503092100023

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्:-2024-2025
करवारी (प.ह.नं. 00022),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- पल्टूराम,
अनावेदक पक्षकार- गणेश, भागवत, कलीबाई

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक पल्टूराम आ. गैदसिंह जाति-गोंड, निवास ग्राम करवारी तहसील - डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक एवं अनावेदकगण आपस मे सगे भाई-बहन है। हमारे निजी स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम करवारी प.ह.नं.22 रा.नि.म. बेलगांव तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) मे कृषि भूमि स्थित हैं। गणेश का खाता क्र. 98 खसरा नं. 43/1 रकबा 0.037 हे. एवं 66/1 रकबा 2.450 हे. कुल खसरा 2 कुल रकबा 2.487 हे. भूमि स्थित हैं। 2. पल्टूराम का खाता क्र. 242 खसरा नं. क्रमशः 44/1, 66/2.68/1 रकबा क्रमशः 0.037 हे.. 0.168 हे., 2.150 हे. कुल खसरा 3 कुल रकबा 2.355 हेक्टेयर भूमि स्थित हैं। 3. भागवत का खाता क्र. 502 खसरा नंबर क्रमशः 43/2, 44/2, 68/2, 69, 71, 72/1 रकबा क्रमशः 0.020. 0.020, 0.249, 0.486, 1.437, 0.142 हे, कुल खसरा 6 कुल रकबा 2.354 हेक्टेयर भूमि स्थित हैं। 4 कलीबाई का खाता क्र. 66 खसरा नं. 72/2 रकबा 0.405 हेक्टेयर ऐसा 4 हिस्सा हुआ हैं। परन्तु अभी वर्तमान में पूर्ण रूप से नक्शा दुरूस्त नहीं हुआ हैं। आवेदक एवं अनावेदकगण के बीच हुए बटवारा के अनुसार उक्त भूमि के नक्शा में सुधार नहीं होने के कारण काफी परेशानी हो रही हैं इसलिए उक्त सभी खसरा का नक्शा सुधार किया जाना आवश्यक एवं प्रार्थनीय हैं। अभी वर्तमान में नक्शा सही नहीं हैं। उक्त आवेदन पत्र पर विचार कर एवं मौका निरीक्षण कर समस्त खातेदारों का सही सही नक्शा सुधार करने का निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.04.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202504095200020

विषयः अ-6- अ
मामले की श्रेणीः राजस्व
सन्:- 2024-2025
हरनसिंघी (प.ह.नं. 00021),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- भोजराज लाऊत्रे,
अनावेदक पक्षकार- जगन्नाथ व अन्य,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक भोजराज लाऊत्रे पिता श्री चैतुराम लाऊत्रे जाति महार उम्र 57 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 07. शासकीय प्राथमिक शाला के पास रामनगर राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि ग्राम हरनसिंघी प.ह.न. 21 खसरा कुल 04 रकबा कुल 1.13 एकड 0.450 कुल हेक्टयर भूमि स्थित हैं। आवेदक की भूमि खसरा नं. 616 रकबा 0.54 डिसमिल/0.219 हेक्टयर भूमि ऋण पुस्तिका एवं अन्य पुराने दस्तावेजों में अंकित हैं जो आवेदक की पैत्रिक संपत्ति हैं। उक्त भूमि का वर्तमान आनलाईन बी-1, खसरा में खसरा नं. 616/1 रकबा 0.1060 हेक्टयर प्रदर्शित हो रहा हैं जो कि गलत हैं। आवेदक की उक्त भूमि का ना ही विक्रय किया गया है ना ही उक्त मुल खसरा 616 का किसी भी प्रकार का टुकड़ा हुआ हैं जो कि खसरा नं. 616/2 रकबा 0.1130 भूमि प्रीतम पिता अधारी जाति मरार निवासी ग्राम हरनसिंघी के नाम दर्ज होकर प्रीतम का फौती नामांतरण होकर उनके संतानों के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज हो गया हैं जो कि अवैधानिक व गैरकानूनी से नाम दर्ज हो गया हैं। अतः आवेदक द्वारा भूमि खसरा नं. 616 रकबा 0.54 एकड़/0.219 को पुनः अपने ऑनलाईन खाते में दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 24.04.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202503092100022

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्:- 2024-2025
अछोली (प.ह.नं. 00022),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- राजकुमार सुराना,
अनावेदक पक्षकार- आम जनता,

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक राजकुमार सुराना वल्द चन्द्रकांत सुराना जाति जैन निवासी जवाहर चौक दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे अधिकार एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम अछोली प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. बेलगांव तहसील डोंगरगढ़ में खसरा नम्बर 213/1 रकबा 0.607 हेक्टेयर, भूमि स्थित है। खसरा नम्बर 213 में से रकबा 0.607 हेक्टेयर पूर्व में रजिस्ट्री कराया था जिसमें सड़क से लगा हुआ भूमि मेरी पत्नी तारा सुराना के नाम से खसरा नम्बर 213 में से रकबा 0.255 हेक्टेयर एंव सड़क के अन्दर की भूमि मुझ आवेदक राजकुमार सुराना के नाम से रजिस्ट्री कराया था जिसका पूर्व का नक्शा के अनुसार सही है, किन्तु ऑन लाईन कम्प्युटर नक्शा के समय मेरे द्वारा क्रय किया गया नक्शा को त्रुटिपूर्ण काट दिया गया है जिससे मुझे काफी परेशानी हो रही है, जिस कारण से कब्जानुसार एंव पूर्व में किये गये रजिस्ट्री के अनुसार वर्तमान कम्प्युटर नक्शा व चालू नक्शा को सुधार करना अतिआवश्यक है। खसरा नम्बर 213/1 एवं 213/2 का वर्तमान में कब्जानुसार एंव रजिस्ट्री के अनुसार नक्शा दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.04.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202504092100015
अ/6 वर्ष 2024-25

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक दिनेश कुमार नामदेव पिता संजय नामदेव जाति दर्जी निवासी भगत सिंह वार्ड नं. 19 डोंगरगढ़ तहसील पोस्ट थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के द्वारा शंकर भाई पटेल पिता देसाई भाई पटेल जाति पटेल निवासी वार्ड नं. 17 डोंगरगढ़ के स्वामित्व की भूमि नजूल शहर डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ में स्थित शीट क्रमांक 05 भूखण्ड क्रमांक 1385/9 क्षेत्रफल 170 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत उप पंजीयक कार्यालय डोंगरगढ़ के द्वारा दिनांक 06.11.2023 को क्रय किया गया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को क्रय करने के बाद अपने नाम से नामांतरण एवं राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ तलवाना, विक्रयपत्र की छायाप्रति पेश किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 23/04/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर
Email-sepwdkanker.2010@rediffmail.com/
Se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

-:ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना:-
निविदा निरस्तीकरण सूचना क्रमांक-01

इस कार्यालय द्वारा निविदा सूचना क्रमांक 134/सा.निविदा/2024-25 कांकेर, दिनांक 11.03.2025 टेण्डर नं. 165931 ऑनलाईन निविदा आमंत्रित किया गया है, को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

Advertisement No.- 242505987 Date:- 17.03.2025
Reference ID No.- 242503007473

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

जी- 252600253/4

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-नारायणपुर
निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-05/2025-26

क्रमांक/46/निविदा/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2025-26 — नारायणपुर दिनांक 08/04/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न निर्माण कार्य हेतु निविदा दिनांक 21.04.2025 अपरान्ह 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है:-

क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रूपये लाख में)
1	2	3
1	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कार्य कुतुल ग्राम पंचायत कुतुल विकास खण्ड ओरछा	43.44 लाख

2. उक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट https://res.cg.gov.in/ में दिनांक 09.04.2025 से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग-नारायणपुर (छ.ग.)

जी-252600222/4

एक नजर

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर सेमिनार

रायपुर, 12 अप्रैल। मानसिक स्पष्टता और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर कृष्णा विकास ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशंस केडीआरसीएसटी द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। अतिथि वक्ता डॉ सोनाली छानावर प्राचार्य महात्मा गांधी कॉलेज रायपुर थीं।हस्ताक्षरकर्ताओं में डॉ सीमा अग्रवाल प्रिंसिपल कृष्णा विकास इंस्टीट्यूट ऑफहायर एजुकेशनए डॉ डी एन देवांगन प्रिंसिपल कृष्णा विकास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजीए डॉ चंचल दीप कौर प्रिंसिपल कृष्णा विकास इंस्टीट्यूट ऑफफार्मास्युटिकल साइंस एंड रिसर्च रायपुर उपस्थित थेसउद्देश्य छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ानाए छात्रों को शैक्षणिक और व्यक्तिगत तनाव के बीच मानसिक स्पष्टता के बारे में शिक्षित करनाए मानसिक स्वास्थ्य चर्चाओं के आसपास के कलंक को तोड़नाए तनाव प्रबंधनए भावनात्मक विनियमन और माइंडफुलनेस के लिए रणनीति और उपकरण प्रदान करना था। सेमिनार की शुरुआत डॉण् सीमा अग्रवाल के स्वागत भाषण से हुईए जिसके बाद अतिथि वक्ता की संक्षिप्त चर्चा हुई। डॉ सोनाली छानावर ने आज के तेज गति वाले शैक्षणिक माहौल में छात्रों के सामने बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों पर प्रकाश डालकर सत्र की शुरुआत की।

पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

रायपुर, 12 अप्रैल। राजधानी के गंज थाना क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. पुलिस के अनुसार, तेलघानी नाका में एक पेड़ से लटकी हुई लाश पाई गई. पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया. अज्ञात व्यक्ति की हत्या की गई या यह मामला आत्महत्या का है, फिलहाल पुलिस जांच कर रही है. जानकारी के मुताबिक, घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है. इस दौरान पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है.

केकेएमयू का प्रथम दीक्षांत समारोह संपन्न

रायपुर, 12 अप्रैल। केके मोदी विश्वविद्यालय (केकेएमयू), दुर्ग ने अपने पहले दीक्षांत समारोह के साथ एक प्रमुख शैक्षणिक उपलब्धि का उत्सव मनाया, जिसमें इसके पहले स्नातक वर्ग की कड़ी मेहनत और उपलब्धियों को मान्यता दी गई। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के विजिटर रमेन डेका, मोदी एंटरप्राइजेज की अध्यक्ष डॉ. बीना मोदी, कुलाधिपति सुश्री चारू मोदी और उप कुलपति डॉ. मोनिका सेठी शर्मा सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति शामिल हुये। अपने दिवंगत पति स्व के.के. मोदी के भारत में वैश्विक शिक्षा मानक लाने के विजन पर विचार करते हुए डॉ. बीना मोदी ने कहा - यह दीक्षांत समारोह एक सपना साकार होने जैसा है - एक ऐसा कैरियर विश्वविद्यालय जो वैश्विक दृष्टिकोण के साथ भारतीय मूल्यों पर आधारित हो। कुलपति और दूरदर्शी शिक्षाविद् सुश्री चारू मोदी ने कहा - केकेएमयू में, हम छात्रों को न केवल रोजगार के लिए बल्कि जीवन के लिए तैयार कर रहे हैं। उप कुलपति डॉ. मोनिका सेठी शर्मा ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया।

निःशुल्क दिव्यांगता निवारण शिविर 13 को

रायपुर, 12 अप्रैल। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एनजीओ नारायण सेवा संस्थान द्वारा छत्तीसगढ़ के दिव्यांगों के कल्याणार्थ विशाल निःशुल्क शिविर का आयोजन 13 अप्रैल को रायपुर के जैन दादा बाड़ी, एम.जी. रोड़ रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित होगा। संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ ने बताया कि ऐसे लोग जिन्होंने किसी हादसे में या अन्य बीमारी के चलते अपना हाथ-पैर गंवा देने से अंगविहिन हुए है अथवा पुराने भारी या ओल्ड तकनीक वाले कृत्रिम अंग के चलते दुःखभरी जिन्दगी जी रहे दिव्यांगों को सशक्त और आत्मनिर्भर जीवन प्रदान करने के लिए संस्थान प्रतिबद्ध है। पदमश्री अलंकृत संस्थापक कैलाश मानव जी की प्रेरणा से संस्थान विगत 40 वर्षों से संस्थान मानवता और दिव्यांगता के क्षेत्र में सेवारत है। छत्तीसगढ़ के दिव्यांगजनों को रायपुर में मदद पहुंचाने के भाव से विशाल निःशुल्क दिव्यांगता निवारण ऑपरेशन चयन एवं नारायण लिम्ब मैजरमेंट शिविर जैन दादा बाड़ी, एम.जी. रोड़ रायपुर में रविवार 13 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से सांय 5 बजे तक चलेगा।

हनुमान जयंती पर मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भीड़, जगह-जगह भंडारा

जैतू साव मठ, पुरानी बस्ती स्थित मंदिर में रामदरबार व हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना की गई।

■ रेलवे स्टेशन मंदिर में महाआरती

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 12 अप्रैल। आज हनुमान जयंती पर पूरी राजधानी बजरंगबली के जयकारों से गूंजती रही। छोटे-बड़े सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ नजर आई। जगह-जगह भंडारा का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज हनुमान जयंती के पावन अवसर पर राजधानी रायपुर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने भक्ति भाव से हनुमान चालीसा का पाठ किया तथा इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज़ कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। मंदिरों की साज-सजावट की गई है। रात्रि में भजन के कार्यक्रम होंगे। विधायक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने गुढ़ियारी स्थित मच्छी तालाब हनुमान मंदिर के सामने प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन किया है। आज मच्छी तालाब हनुमान मंदिर, प्राचीन हनुमान मंदिर पुरानी बस्ती सहित ब्राह्मणपारा शिव साई हनुमान मंदिर, सालासार हनुमान मंदिर वीआईपी रोड, जैतूसाव मठ, राजीव गांधी चौक, कटोरातालाब, विद्याचरण शुक्ल चौक, तात्यापारा, फूलचौक, आरडीए बिल्डिंग स्थित बजरग मंदिर सहित सभी मंदिरों में हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना की गई। रेलवे स्टेशन परिसर स्थित सर्वधर्म संकटमोचन श्री हनुमान जी मंदिर में महाआरती की गई। राजकुमार राठी ने बताया कि महाआरती में राजधानी के गणमान्य लोग व हनुमान भक्त शामिल हुए।

एलआईसी एजेंट व बेटे पर 45.53 लाख की ठगी का आरोप, एफआईआर दर्ज

रायपुर, 12 अप्रैल। न्यू शांति नगर में एलआईसी और बिजनेस में दोगुना मुनाफा देने के नाम पर एक ठगी का मामला सामने आया है. स्थानीय निवासी और सॉफ्टवेयर इंजीनियर जतिन चौधरी ने पड़ोस में रहने वाली एलआईसी एजेंट सरनजीत कौर, उनके बेटे बलवीर सिंह सैन्स और अन्य लोगों के खिलाफ सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज की है. आरोप है कि फर्जी दस्तावेजों और झूठे वादों के जरिए उनसे और अन्य लोगों से कुल 45,53,780 रुपये ठग लिए गए. पुलिस ने आईपीसी की धारा 420, 406, 467, 468, 470, 471, 120बी और 34 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. जतिन चौधरी (43) न्यू शांति नगर में रहते हैं और रामकृष्ण अस्पताल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं. उनके पड़ोस में रहने वाली सरनजीत कौर (एलआईसी एजेंट, नंबर 00984390) और उनका बेटा बलवीर सिंह सैन्स मिलकर एलआईसी पॉलिसी का काम करते हैं. जतिन ने 2013 से 2024 तक अपने, पत्नी, बेटे, बहन और भांजे के नाम पर कुल 13 एलआईसी पॉलिसी खरीदीं, जिनकी सालाना किस्तें 2,824 रुपये से 43,754 रुपये तक थीं. इनमें जीवन सरल, बीमा गोल्ड, मनी बैक, जीवन छाया, जीवन रक्षक और आधारशीला जैसी पॉलिसियां शामिल हैं. जतिन का आरोप है कि सरनजीत और बलवीर ने पॉलिसी की किस्तें और लोन की रकम नगद या ऑनलाइन ट्रांसफर के जरिए ली, लेकिन एलआईसी कार्यालय में जमा नहीं की. 2022 और 2023 की जमा रसीदें फर्जी दी गईं. जब जतिन ने 2024 में इनकम टैक्स के लिए पॉलिसी रसीद मांगी, तो एलआईसी कार्यालय, पंडरी ने बताया कि उनके खाते में कोई रकम जमा नहीं हुई और रसीदें कूटरचित हैं. जानकारी के मुताबिक जतिन से ठगो ने 2022 और 2023 में दो पॉलिसियों (क्रमांक 368929509 और 386905584) के लिए 1,61,577 रुपये, 2024 की किस्तों के लिए 1,32,727 रुपये और पॉलिसी लोन के लिए 2,81,000 रुपये (कुल 5,75,304 रुपये) लिए गए.

नवा रायपुर में ई-ऑटो सेवा का शुभारंभ

रायपुर, 12 अप्रैल। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर में एक नई पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन सेवा–ई-ऑटो सेवा–का शुभारंभ किया। यह सेवा नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ÷बिहान÷ के सहयोग से शुरू की गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर में एक नई पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन सेवा–ई-ऑटो सेवा–का शुभारंभ किया। यह सेवा नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ÷बिहान÷ के सहयोग से शुरू की गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि यह केवल एक परिवहन सेवा का शुभारम्भ नहीं, बल्कि महिलाओं के स्वावलंबन और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में राज्य सरकार का एक सशक्त प्रयास है। ई-ऑटो सेवा का संचालन महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा किया जाएगा, जिसमें 3 क्लस्टरों के 15 ग्राम संगठनों की कुल 40 महिला सदस्य शामिल हैं। यह ई-ऑटो सेवा 130 किलोमीटर के दायरे में आवासीय क्षेत्रों, कार्यालयों, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और जंगल सफारी जैसे प्रमुख स्थानों को जोड़ेगी। 'लखपति दीदी योजना' के तहत यह पहल 40 महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी।महिलाओं की मासिक आय में वृद्धि होगी और वे आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी। यह सेवा आने वाले समय में स्थानीय परिवहन के क्षेत्र में एक मॉडल बनकर उभरेगी, जिससे नवा रायपुर के निवासियों को सुविधाजनक, किफायती और प्रदूषण रहित परिवहन सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद, उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार, आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद, एनआरडीए के सीईओ श्री सौरभ कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

कुलपति की नियुक्ति रद्द करने एबीवीपी ने राज्यपाल को लिखा पत्र

रायपुर, 12 अप्रैल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राज्यपाल एवं कुलाधिपति को पत्र लिखकर इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की नवनियुक्त कुलपति की नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की है. बता दें कि छत्तीसगढ़ के एकमात्र इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में प्रो. लवली शर्मा को कुलपति नियुक्त किया गया है. अभाविप ने पत्र में लिखा है कि पूर्व में प्रो. लवली शर्मा राजा मानसिंह तोमर संगीत और कला विश्वविद्यालय ग्वालियर मध्यप्रदेश के कुलपति के रूप में काम कर चुकी है. इस दौरान उनके ऊपर कई गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं.

एक्शन-प्लान बनाकर अपूर्ण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करें: साव

रायपुर, 11 अप्रैल। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने रायपुर के सिविल लाइन स्थित नीर भवन में आयोजित बैठक नगरीय निकायों में प्रगतिरत एवं अपूर्ण कार्यों को एक्शन-प्लान बनाकर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न शहरों में निर्माणाधीन नालंदा परिसरों तथा अटल परिसरों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और संचालक श्री आर. एक्का भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने समीक्षा बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों से कहा कि हमें शहरों की सूरत एवं सीरत को बदलना है। नगरीय प्रशासन की व्यवस्था व्यवस्थित शहर के मापदंडों के अनुरूप हो, इसके लिए हमें आगे बढ़कर काम करने की आवश्यकता है। नगरीय प्रशासन की टीम अच्छा काम करेगी, तो कार्यों का क्रियान्वयन भी धरातल पर दिखेगा। उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप शहरों के विकास में अपने अनुभव का पूरा उपयोग करें। आपके अनुभव का पूरा लाभ शहरवासियों को मिलना चाहिए। विभाग का काम एक मिसाल के तौर पर स्थापित हो, यह मेरी आप लोगों से अपेक्षा है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा संचालित केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं के साथ ही नगरीय निकाय चुनाव में जारी घोषणा पत्र, निकायों के कामकाज तथा विधानसभा में दिए गए आश्वासनों पर विभागीय कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न नगरीय निकायों में अपूर्ण और लंबित कार्यों पर नाराजगी जाहिर करते हुए इन कार्यों की पूर्णता की समय-सीमा तयकर एक्शन प्लान बनाकर निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री साव ने अटल परिसरों के निर्माण की असंतोषजनक प्रगति पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इसमें विलंब करने वाले निकायों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। श्री साव ने विधानसभा में प्रस्तुत सीएजी रिपोर्ट एवं उनकी अनुशंसा के अनुसार यथोचित कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने नगरीय निकायों के विद्युत देयकों का भुगतान 15वें वित्त आयोग के अनटाइड फंड से करने तथा निकायों में एनर्जी ऑडिट करने के भी निर्देश दिए।

मंत्रिमंडल विस्तार की बजाय बैज कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की दूसरी सूची की फिक्र करें: भाजपा

रायपुर, 12 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने प्रदेश मंत्रिमंडल को लेकर दिए गए बयान के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को आड़े हाथों लिया है। श्री गुप्ता ने कटाक्ष कर कहा कि जिस कांग्रेस में कदम-कदम पर घमासान और अंतर्कलह के नजारे पेश हो रहे हैं, उस कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बैज प्रदेश मंत्रिमंडल के विस्तार की चिंता में दुबले हुए जा रहे हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने कहा कि प्रदेश मंत्रिपरिषद के विस्तार पर प्रलाप करने से पहले बैज अपनी कांग्रेस पार्टी को देख लें, जहाँ जिला अध्यक्षों की दूसरी सूची अब तक अधर में लटकी हुई है। प्रदेश के बड़े नेताओं की आपसी प्रतिद्वंद्विता का आलम तो यह हो गया है कि कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व भी प्रदेश के कांग्रेत जिला अध्यक्षों की दूसरी सूची तय करने में पसीना-पसीना हुआ जा रहा है! श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस अभी तो यही तय नहीं कर पा रही है कि विधानसभा से लेकर निकाय-पंचायत चुनावों तक में कांग्रेस की दुर्गति के लिए कौन जवाबदेह है? इसी अंतर्कलह औल सत्ता-संघर्ष में खुद बैज की लोकसभा टिकट कट गई।बैज की टिकट कटवाने में जिन नेता की अहम भूमिका रही है, वही नेता अब पार्टी अनुशासन का राग सिर्फ इसलिए अलाप रहे हैं क्योंकि कांग्रेस में अब नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा हर जुबान पर है और इस चर्चा में पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव सबसे आगे और सबकी पहली पसंद साबित हो रहे हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने कहा कि दीपक बैज अच्छे और सुलझे हुए नेता होंगे, पर कांग्रेस पार्टी और उसका हाईकमान अब तो यह कह रहा है कि टी.एस. बाबा को यहाँ का अध्यक्ष बनाया जाए। इसलिए बैज को प्रदेश मंत्रिमंडल की फिक्र छोड़ अब अपनी कुर्सी की चिंता करनी चाहिए। भाजपा का विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्रित्व वाला मंत्रिमंडल तो विस्तारित होगा, और अभी जितने मंत्री हैं, वह साँय-साँय सरकार चला रहे हैं, सारी सुविधाएँ जनता तक पहुँच रही हैं। इसीलिए तो पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा का झंडा लहरा रहा है। श्री गुप्ता ने कहा कि इतना चिंतन बैज कांग्रेस पार्टी की कर लें तो शायद कुछ लाभ होगा।

ढाई वर्ष के दिसान महानन्द को जयपुर पैर लगाया गया

रायपुर, 12 अप्रैल। श्री विनय मित्र मण्डल द्वारा भगवान महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर ढाई साल के दिसान महानन्द को जयपुर पैर लगाकर खड़ा किया । जीसान का 1 माह की उम्र में पैर काटना पड़ गया था अब 28 माह की उम्र में वह खड़े होने लायक हो गया है , पिता किशन व माता पिंकी अपनी प्रथम संतान को लेकर पचपेड़ी नाका जयपुर पैर के वर्कशॉप में जांच कराने आए । श्री विनय मित्र मण्डल के संस्थापक महेन्द्र कोचर व अध्यक्ष महावीर मालू ने बताया कि दिसान के कटे पैर का नाप लेकर कृत्रिम पैर कारीगर अब्दुल वहिद कुरैशी बनाकर तैयार किया । श्री विनय मित्र मण्डल ने राजधानी में जयपुर पैर वितरण को 39 वर्ष पूर्ण होने व 40 वे वर्ष में प्रवेश के अवसर पर 30 हजारवाँ पैर दिसान को लगाकर खड़ा किया गया । पूर्व अध्यक्ष दीपचंद कोटड़िया ने आगे बताया कि संस्था द्वारा 1986 से पैर कटे दिव्यांगों को पचपेड़ी नाका स्थित स्थायी वर्कशॉप में निःशुल्क जयपुर पैर वितरण किया जाता है । दिव्यांगों व साथ परिजनों के आवास व भोजन की व्यवस्था भी निःशुल्क रखी गई है । अध्यक्ष महावीर मालू ने बताया कि विगत 40 वर्षों में अनेक निःशुल्क विशाल विकलांग शिविर में जयपुर पैर के अतिरिक्त कृत्रिम हाथ , ट्राइसिकल , व्हीलचेयर , कैलिपर्स , श्रवण यंत्र , वैसाखी का वितरण किया गया है ।

ग्राम पंचायत सचिवों की हड़ताल जारी

रायपुर, 12 अप्रैल। प्रांतीय आहवान पर पंचायत सचिव संघ की अनिश्चितकालीन हडताल 24 वे दिन भी जारी रही। नियमितिकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिव सरकार से आर पार की लडाई के मूड में है। सचिवो की चेतावनी है की जब तक उनकी मांगे पुरी नही होगी वे वापस काम पर नही लौटेगे। 18 मार्च से शासकीयकरण की मांग को लेकर आंदोलनरत है।

दिशा कॉलेज में फेयरवेल के दौरान छात्रों के बीच मारपीट

रायपुर, 12 अप्रैल। हाल ही में दिशा कॉलेज में आयोजित फेयरवेल कार्यक्रम के दौरान छात्रों के बीच नशे की हालत में हुई मारपीट की गंभीर घटना सामने आई है, जिसमें तीन छात्रों को गंभीर चोटें आई हैं। इस घटना ने कॉलेज के शैक्षणिक वातावरण और छात्रों की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं। घायल छात्रों द्वारा घटना के संबंध में कानूनी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करवाई गई है। जिनमें से दो आरोपी कॉलेज के ही बीबीए विभाग के छात्र बताए जा रहे हैं। यह बेहद चिंताजनक है कि शिक्षकों की उपस्थिति में ही नशे की हालत में छात्रों द्वारा इस प्रकार की हिंसक वारदात को अंजाम दिया गया।कॉलेज प्रशासन की इस मामले में निष्क्रियता और लापरवाही की एन.एस.यू.आई. संगठन कड़े शब्दों में निंदा करती है। संगठन ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए आज कॉलेज प्रशासन को एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा, जिसमें दोषियों के विरुद्ध त्वरित और सख्त कार्रवाई की मांग की गई। एन.एस.यू.आई. जिला सचिव ओज प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि कॉलेज प्रशासन भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए, जिससे शैक्षणिक वातावरण सुरक्षित, अनुशासित और मर्यादित बना रह सके। इस अवसर पर एन.एस.यू.आई. प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल, उत्तर विधानसभा अध्यक्ष अनुज शुक्ला, जिला सचिव अनुज प्रताप सिंह, तनिष्क मिश्रा, अंकित बंजारे सहित एन.एस.यू.आई. के कई कार्यकर्ता एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

रेलवे के जनदर्शन कार्यक्रम में मोबाइल चोरी की सर्वाधिक शिकायतें मिलीं

रायपुर , 12 अप्रैल। यात्रियों की समस्याओं को सुनने और रेलवे सेवाओं को और अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से आज रायपुर रेल मंडल के मुख्य रेलवे स्टेशन रायपुर एवं दुर्ग में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी सहित अन्य रेलवे अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान यात्रियों, वेंडर्स, कुलियों, पार्सल लीज होल्डर्स ने अपनी शिकायतें और सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखी। प्रमुख मुद्दों में रायपुर स्टेशन पर दो मोबाइल चोरी की घटनाओं का जिक्र आया आवेदकों ने बताया कि उनके मोबाइल चोरी हुए उस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए डार्क एरिया में भी सीसीटीवी लगाने एवं ट्रेनों में आरपीएफ जीआरपी की गश्त बढ़ाने एवं टीटीई स्टाफ को भी निर्देशित किया कि वह चोरी की घटनाओं के प्रति सतर्क रहे। महिलाओं को स्टेशनों पर बने अक्षिता सेफ में सुरक्षा की अनुभूति रहे। पुरुषों का बैठना उसमें वर्जित है इसका सख्ती से पालन हो इसके लिए रेलवे सुरक्षा बल सहित संबंधितों को निर्देशित किया गया। साथ ही ट्रेनों की समयपालनता के लिए रेल परिचालन के अधिकारियों से चर्चा की गई, थर्ड जेंडर की समस्या, मोबाइल चोरी की घटना, स्टेशन एवं ट्रेनों में साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, खानपान सेवाओं की गुणवत्ता जैसे विषय शामिल रहे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने यात्रियों को आश्वस्त किया उनकी शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर तत्काल आवश्यक कदम उठाए संबंधित अधिकारियों से तुरंत वास्तविक स्थिति की जानकारी ली कार्य में कोताही के लिए संबंधितों को डांट भी लगाई ।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26